संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 25 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

आगामी योग दिवस को लेकर देशभर में कार्यक्रम शुरू, मेघालय के लिविंग ब्रिज पर किया योग।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 14 अंक: 81 पृष्ठ: 08

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श विचार

कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता

मन की बात

सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद

मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर राज्यसभा में हंगामा

- कर्नाटक में मुसलमानों को सार्वजनिक ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ, कांग्रेस से मांगा जवाब

हंगामा किया

रिजिजू ने डीके शिवकुमार के संविधान पर दिए गए कथित बयान पर खरगे से जवाब मांगा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। कर्नाटक में मुसलमानों को सार्वजनिक ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित किए जाने के बावजूद बार-बार हो रहे व्यवधान के कारण मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्तापक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के संविधान पर दिए गए कथित बयान पर नेता विपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान को बदलना चाहती है। नेता सदन जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कर्नाटक में सार्वजनिक ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित हुआ है। ये असंवैधानिक है। कांग्रेस हमेशा संविधान के खिलाफ काम करती है। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष को अपना पक्ष साफ रखना चाहिए। इसके बाद



कांग्रेस अपना विवेक भी खो बैठी है: नड्डा

नड्डा ने कहा कि इन्होंने मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण में बैक डोर से एंट्री देने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अब नौकरी तो छोड़िए, ठेकेदारी में भी आरक्षण होगा...। सत्ता से बाहर रहकर कांग्रेस अपना विवेक भी खो बैठी है। नड्डा के इस बयान का विपक्षी सदस्यों ने तीखा विरोध करते हुए शोरगुल और हंगामा किया, जिस पर उप सभापति हरिवंश ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। उसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही जब तीसरी बार शुरू हुई तो पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विपक्ष की नारेबाजी के बीच तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 में लोकसभा द्वारा किए गए संशोधनों को विचार के लिए पेश किया।

किरेन रिजिजू ने मुस्लिम आरक्षण पर लोकसभा में कांग्रेस को घेरा

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के मुस्लिम आरक्षण पर दिए बयान का मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठाया। उन्होंने नाम लिए बिना कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का धर्म के आधार पर आरक्षण और उसके लिए संविधान बदलने की बात कहना अस्वीकार्य है। यह संविधान निमार्ताओं का अपमान है। लोकसभा की कार्यवाही पहले विपक्षी सदस्यों के पोस्टर लेकर सदन में आने के कारण स्थगित हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बारे में विपक्षी सदस्यों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने संसदीय कार्यमंत्री रिजिजू को पोस्टर लहराने वालों के खिलाफ प्रस्ताव लाने की सलाह दी।

बीजेपी ने कांग्रेस पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। कर्नाटक में मुसलमानों को सरकारी ठेके में चार प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव के मामले पर राजनीति गरमाती जा रही है। इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए पार्टी पर मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाया है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि हम संविधान को बदलना चाहते हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस द्वारा एक पूरी तरह से झूठा और भ्रामक अभियान चलाया गया था कि अगर भाजपा को बहुमत या 400 सीटें मिलती हैं, तो वे संविधान को बदल देंगे। हमने बार-बार कहा कि हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे और हमने ऐसा नहीं किया। हमने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए केवल एक बार संविधान में बदलाव किया, जिसकी सभी ने सराहना की। आज देश में बड़ा सवाल यह उभर रहा है कि वोट बैंक की राजनीति, तुष्टीकरण की राजनीति और मुस्लिम वोटों की खातिर देश किस ओर जाएगा" रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने वोट बैंक की खातिर शाहबानो पर आए फैसले को भी पलट दिया था।

सेबी हितों के टकराव पर उच्चस्तरीय समिति करेगा गठित

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली/मुंबई। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को निदेशक मंडल के सदस्यों और अधिकारियों के हितों के टकराव, संपत्ति, निवेश और देनदारियों से संबंधित खुलासे की व्यापक समीक्षा करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का फैसला किया है। पूंजी बाजार नियामक सेबी के नवनियुक्त चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने निदेशक मंडल की यहां हुई बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी मीडिया को दी। पांडेय ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेबी मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित कर्मचारियों के हितों के टकराव की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करेगा। तुहिन कांत पांडेय ने कहा, उच्चस्तरीय समिति का उद्देश्य हितों के टकराव, खुलासे और संबंधित मामलों के प्रबंधन के लिए मौजूदा ढांचे को बेहतर बनाने के लिए व्यापक समीक्षा करना और सिफारिशें करना भी है, ताकि निदेशक मंडल के सदस्यों और अधिकारियों के पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण के उच्च मानक सुनिश्चित किए जा सकें।

विपक्षी दलों का यूजीसी ड्राफ्ट के खिलाफ प्रदर्शन

साधा निशाना

प्रदर्शन में भाग लेते हुए आरोप लगाया कि शैक्षणिक संस्थानों पर आज सत्ता पक्ष के लोग कब्जा कर रहे

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। आईएनडीआई गठबंधन के घटक दलों के छात्र संगठनों ने सोमवार को जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति और यूजीसी ड्राफ्ट सहित देश की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विरोध-प्रदर्शन किया। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने प्रदर्शन में भाग लेते हुए आरोप लगाया कि शैक्षणिक संस्थानों पर आज सत्ता पक्ष के लोग कब्जा कर रहे हैं। छात्रों के साथ भेदभाव किया जा रहा है और पेपर लीक जैसी घटनाएं हो रही हैं।
विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई), वाम दलों के छात्र संगठन अखिल भारतीय स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ), मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन (एमएसएफ), समाजवादी छात्र सभा और छात्र राष्ट्रीय जनता दाल (सीआरजेडी) और अन्य संगठनों भाग किया। राहुल ने जंतर-मंतर पर छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के चलते किसी को रोजगार नहीं मिलेगा। देश बर्बाद हो जाएगा। आज विपक्ष की मांग को अनसुना किया जा रहा है।

पीएमजी ने बिहार, ओडिशा और बंगाल में ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के परियोजना निगरानी समूह (पीएमजी) ने बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की है। इसके तहत 63,858 करोड़ रुपये की 19 प्रमुख परियोजनाओं

के 23 मुद्दों की समीक्षा की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक 19 प्रमुख परियोजनाओं में 23 मुद्दों की जांच की गई, जिनमें कुल निवेश 63,858 करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाली पांच परियोजनाएं शामिल हैं, जो विशेष रूप से इन तीनों राज्यों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पतालों पर केंद्रित हैं। इन अस्पतालों का उद्देश्य बीमा कराए हुए नागरिकों और उनके परिवारों के लिए विशेष उपचार, दवाइयां और अस्पताल में भर्ती सहित आवश्यक स्वास्थ्य सेवा लाभ प्रदान करना है। इसके अलावा इस्पात, कोयला, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, रेलवे और बिजली मंत्रालयों से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा की गई, ताकि बाधाओं की पहचान की जा सके और उन्हें दूर किया जा सके और साथ ही उनका सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

सांसदों का वेतन, भत्ते और पेंशन बढ़ी

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने संसद सदस्यों के वेतन, दैनिक भत्ते, पेंशन और अतिरिक्त पेंशन में बढ़ा दी है। सोमवार को इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से गजट नोटिफिकेशन जारी की दिया गया। सांसदों को प्रतिमाह एक लाख रुपये के स्थान पर अब 1.24 लाख रुपये का वेतन मिलेगा। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। संसदीय कार्य मंत्रालय के एडिशन सचिव डॉ सत्य प्रकाश की ओर से जारी गजट नोटिफिकेशन के अनुसार 1 अप्रैल 2023 से लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों का वेतन 1 लाख रुपये से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रति माह कर दिया गया है।

चीफ जस्टिस ने सभी सामग्री सार्वजनिक डोमेन में रखी : धनखड़

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने न्यायिक जवाबदेही और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) के मुद्दे पर सोमवार को संसद भवन स्थित अपने कक्ष में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठक की। इस दौरान सभापति ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के उस निर्णय की सराहना की जिसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से कथित तौर पर नकदी मिलने से संबंधित महत्वपूर्ण

दस्तावेजों को सार्वजनिक करने तथा मामले की आगे की जांच के लिए एक आंतरिक समिति गठित करने का निर्णय लिया। सभापति ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी मुख्य न्यायाधीश ने पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से अपने पास उपलब्ध सभी सामग्री को सार्वजनिक डोमेन में रखा है और न्यायालय के पास कुछ भी रखे बिना इसे साझा किया है। उन्होंने न्यायपालिका की आंतरिक प्रतिक्रिया को सही दिशा में उठाया गया कदम बताया और कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा समिति का गठन और उनकी सतर्कता भी एक

सराहना

न्यायाधीश ने पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से अपने पास उपलब्ध सभी सामग्री को सार्वजनिक डोमेन में रखा

ऐसा कारक है जिस पर विचार करने की आवश्यकता है। धनखड़ ने कहा कि न्यायपालिका और विधायिका जैसी संस्थाएं अपने उद्देश्य को सबसे अच्छे तरीके से पूरा करती हैं जब उनका आंतरिक तंत्र प्रभावी, तेज और जनता के विश्वास को बनाए रखने वाला होता है।

चार वर्षों में 90 लाख से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वालों ने पिछले चार वर्षों में 90 लाख से अधिक अपडेटेड आईटीआर-यू दाखिल किए गए। इससे सरकार को 9,118 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आमदनी हुई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 28 फरवरी तक 4.64 लाख अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए और 431.20 करोड़ रुपये के टैक्स का भुगतान किया गया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने 2022 में करदाताओं के लिए संबंधित मूल्यांकन वर्ष से दो साल तक अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल करने का विकल्प पेश किया था, जिसके तहत अतिरिक्त आयकर का भुगतान करना होता है। पंकज चौधरी ने सदन को बताया कि पिछले चार वर्षों में 90 लाख से अधिक अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं, जिससे सरकार के खजाने में 9,118 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। केंद्रीय मंत्री मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में 29.79 लाख से अधिक अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए और 2,947 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कर का भुगतान हुआ। इसी तरह वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2021-22 में क्रमशः 40.07 लाख और 17.24 लाख अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए, जिनसे अतिरिक्त 3,940 करोड़ रुपये और 1,799.76 करोड़ रुपये के टैक्स प्राप्त हुए। उन्होंने सदन को बताया कि वित्त विधेयक, 2025 के माध्यम से सरकार ने अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा को संबंधित मूल्यांकन वर्ष से 4 साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।

दाखिल किए

चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 28 फरवरी तक 4.64 लाख अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए

जीआई-टैग वाली डैले मिर्च के निर्यात को सुगम बनाया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने सिक्किम से सोलोमन द्वीप तक जीआई-टैग वाली डैले मिर्च की पहली खेप का सफलतापूर्वक निर्यात किया है। जीआई-टैग वाली 15,000 किलोग्राम डैले मिर्च के निर्यात से सिक्किम में किसानों की आय में वृद्धि हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि सिक्किम से सोलोमन द्वीप तक जीआई-टैग वाली डैले मिर्च की पहली खेप का एपीडा ने सफलतापूर्वक निर्यात

किया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि वैश्विक जैविक कृषि बाजार में भारत की बढ़ती प्रमुखता को चिह्नित करती है और पूर्वोत्तर क्षेत्र से प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मांग को उजागर करती है। खरीद के संदर्भ में अपने व्यापक नेटवर्क के जरिए दक्षिण सिक्किम के किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से लगभग 15,000 किलोग्राम ताजा डैले मिर्च प्राप्त की, जिसमें टिंकिटम और तारकू क्षेत्र शामिल हैं। इस खेप ने सुनिश्चित किया कि किसानों को सामान्य 180-200 रुपये प्रति किलोग्राम की तुलना में 250-300 रुपये प्रति किलोग्राम का प्रीमियम मूल्य मिले, जिससे जीआई टैगिंग और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के आर्थिक लाभों की पुष्टि हुई। उल्लेखनीय है कि डैले मिर्च को फायर बॉल मिर्च या डैले खुरसानी के नाम से भी जाना जाता है।
यह मिर्च अपने तीखेपन, चमकीले लाल रंग और उच्च पोषण मूल्य के लिए प्रसिद्ध है, जो विटामिन ए, सी और ई के साथ-साथ पोटैशियम से भरपूर है।

वृद्धि हुई

जीआई-टैग वाली 15,000 किलोग्राम डैले मिर्च के निर्यात से सिक्किम में किसानों की आय में वृद्धि हुई

अब प्याज के निर्यात पर नहीं लगेगी एक्सपोर्ट ड्यूटी

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। प्याज के मूल्य पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को महत्वपूर्ण घोषणा की। सोमवार को कृषि मंत्रालय में मीडिया से बात करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब प्याज के निर्यात पर कोई एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी, ताकि हमारे किसानों द्वारा मेहनत से उगाया गया प्याज बिना किसी शुल्क के वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और उन्हें बेहतर कीमत और लाभकारी मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसान हितैषी सरकार है और किसानों को लाभकारी मूल्य देना, उचित दाम सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता और प्रतिबद्धता है। पहले प्याज पर 40 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी लगती थी लेकिन जब प्याज के दाम गिरने लगे और किसानों को कम कीमत मिलने लगी, तब सरकार ने फैसला किया कि प्याज के निर्यात पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दी जाए।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अजय सेठ वित्त सचिव नियुक्त

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी अजय सेठ को वित्त सचिव नियुक्त किया है। तुहिन कांत पांडेय के भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष बनने के बाद से यह पद खाली था। वर्तमान में सेठ आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी एक आदेश के मुताबिक केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अजय सेठ को वित्त सचिव नियुक्त करने को अपनी मंजूरी दे दी है।

निर्देश जारी सैनी ने 2025-26 के लिए गेंहू, सरसों, जौ, चना, मसूर व सूरजमुखी की खरीद करने वाली सभी चारों खरीद एंजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए

रबी की फसलों की खरीद के लिए एजेंसियां कर लें पूरी तैयारियां: सैनी

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए गेंहू, सरसों, जौ, चना, मसूर व सूरजमुखी की खरीद करने वाली सभी चारों खरीद एंजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लें, ताकि किसानों को मंडियों में फसले बेचने में दिक्कत न आए। इस बार गेहूं की बंपर पैदावार होने का अनुमान है। इसलिए मंडियों में गेहूं खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने मार्केटिंग बोर्ड के

अधिकारियों को निर्देश दिए की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर मंडियो में खाली पड़े स्थानों पर बड़े शैडों का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज रबी खरीद विपणन सीजन 2025-26 की तैयारियों को लेकर चंडीगढ़ सेक्टर-3 स्थित हरियाणा निवास में बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत करवाया कि रबी की फसलों की खाद्य, आपूर्ति नागरिक उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 30 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 40 प्रतिशत, हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा 20 प्रतिशत तथा भारतीय खाद्य निगम द्वारा 10 प्रतिशत की खरीद की जानी है। इस बार एजेंसियों ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 75 लाख मीट्रिक टन रखा है। सरसों की खरीद 15 मार्च से और मसूर की खरीद 20 मार्च से आरंभ हो चुकी है। यह खरीद एक मई तक चलेगी। गेहूं, जौ और चने की खरीद भी एक अप्रैल से आरंभ की जाएगी जबकि सूरजमुखी की खरीद 1 जून से आरंभ होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर रबी फसलों की खरीद अवधि को 15 से 20 दिन जारी रखने का कार्यक्रम बनाया जाए।

बैठक

एजेंसियों ने गेहूं खरीद का 75 लाख मीट्रिक टन रखा है लक्ष्य, मंडियों में खाली स्थानों में बड़े शैडों का करवाया जाए

मिनी सचिवालय फतेहपुर का 90 प्रतिशत कार्य पूरा, मई मे जनता को होगा समर्पित

लक्ष्य

▶▶जूलाई 2022 मे भाजपा ने रखी थी आधारशिला, अगस्त 2024 मे कार्य पुरा होने का रखा था लक्ष्य

टीम एक्शन इंडिया
विजय समयाल

कांगडा: जिला कांगडा की विधानसभा फतेहपुर में फतेहपुर -भटोली मार्ग पर पुलिस थाना के पास 12 करोड़ पचास लाख की लागत से बनने बाला निमार्णाधीन मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है। मई 2025 तक इसे उद्धघाटन के बाद जनता को समर्पित कर दिया जा सकता है। जूलाई 2022 मे भाजपा सरकार ने मिनी सचिवालय की आधारशिला रखी थी और अगस्त 2024 मे इसका कार्य पुरा होना था। मगर 12 करोड़ पचास लाख से बनने बाले इस मिनी सचिवालय का कार्य बजट के अबाव से अधर मे लटका हुआ था। जिस कारण अब यह भवन एक साल देरी से बन रहा है। अब बजट का सार पैसा विभाग को मिल गया चुका है।जिसके चलते इसका कार्य युद्ध स्तर पर चला हुआ है।

मिनी सचिवालय बनने से अब लोगो को एक ही छत के नीचे मिलेगी सारी सुविधा

जिस तरह सचिवालय में सभी विभागों के काम एक ही छत के नीचे होते हैं, उसी तरह मिनी सचिवालय फतेहपुर में भी लोगों को यह सुविधा मिलेगी। मिनी सचिवालय मे एसडीएम, तहसील, डीएसपी के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विभागों के कार्यालय होंगे। ऐसे में लोगों का डबल फायदा हो जाएगा। इसमें में एसडीएम और डीएसपी कार्यालय के अलावा तहसील, ट्रेजरी विभागों के कार्यालय होंगे। लगभग 63 ग्राम पंचायतों को होगा इसका फायदा होगा। लोगो को अपने काम करबाने के लिए अलग अलग जगहो पर नही भटकना पड़ेगा। लोक निर्माण विभाग मण्डल फतेहपुर के अधिषाशी अभियन्ता विनय कुमार का कहना है कि मिनी सचिवालय का निर्माण तेजी से हो रहा है। एक ही छत के नीचे सभी कार्यलय होंगे। इससे लोगों को बहुत फायदा होगा। करीब 12 करोड़ पच्चास लाख की लागत से यह भवन बन रहा है जिसे मई तक जनता को समर्पित कर दिया जाएगा अब जल्द ही मिनी सचिवालय जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। लोगो को कार्या करवाने के लिए दूर दूर अलग अलग कार्यलय मे नही जाना पडा करेगा। सरकार द्वारा बजट विभाग को मुहैया करबा दिया गया था।मिनी सचिवालय का काम अब लग भग पुरा होने बाला है। भाजपा सरकार ने चुनावो को देखते हुए विना बजट के ही आनन फानन मे इसकी घोषणा की थी

शहर और छोटे बाजारों में खाद्य वस्तुओं की सैंपलिंग में होगी बढ़ोतरी: उपायुक्त

बैठक

▶▶पायुक्त ने कहा कि एनएच के किनारे खाद्य वस्तुएं एवं पेय पदार्थों को बेचने वालों पर निगरानी बढ़ाई जाए

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

शिमला: भारतीय खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम-2006 के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आज यहां उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एनएच के किनारे खाद्य वस्तुएं एवं पेय पदार्थों को बेचने वालों पर निगरानी बढ़ाई जाए। ऐसे उत्पाद कतई नहीं बेचे जाने चाहिए जिनसे लोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा हो। उन्होंने कहा कि सैंपल की संख्या में बढ़ौतरी की जाए। इसके साथ ही बिना अनुमति के खाद्य एवं पेय पदार्थ बेचने की अनुमति नहीं है, जो बिना अनुमति के कार्य करेगा उसके खिलाफ कानूनी करवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि दूध, पनीर, मिठाईयों, फल-सब्जियों की चैकिंग निरंतर फील्ड स्टाफ करे। इसके साथ ही रिपोर्ट तुरंत संबधित विभाग को प्रेषित करें। भारतीय खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 के तहत कारवाई की जाएगी। अनुपम कश्यप ने कहा कि होटल रिजोर्ट में होने वाली शादी या अन्य बड़े समारोह के दौरान खाने के सैंपल लिए जाएंगे ताकि खाने की गुणवता पर निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि फूड प्वाईजनिंग के मामले ऐसे बड़े आयोजन में होने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि शिमला शहर के साथ सटे छोटे बाजारों में भी चैंकिग करने के लिए फील्ड स्टाफ जाएगा। स्कूलों के आसपास स्थित दुकानों में प्राथमिकता के आधार पर चैकिंग की जाएगी। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि खाद्य वस्तुओं में जरा भी खामी पाए जाने पर प्रशासन के ध्यान में लाएं।

न्यूज फ्लैश

हिमाचल डायमंड स्टेटस अवॉर्ड से सम्मानित : प्रेम कौशल

टीम एक्शन इंडिया
विवेकानंद वशिष्ठ

हिमाचल: हिमाचल प्रदेश को प्रगति के लिए डायमंड स्टेटस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना बेहद गौरव की बात है और प्रदेश को मिले इस सम्मान से यह साबित हो गया कि कांग्रेस की सरकार संजीदगी और बचनबद्धता से प्रदेश को प्रगति पथ पर आगे ले जाने का कार्य कर रही है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने जारी ब्यान में कहा कि डायमंड स्टेटस मिलने से सरकार के खिलाफ भाजपा नेताओं के दुष्प्रचार की हकीकत भी जनता के सामने उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि अनेक कठिनाइयों तथा खराब अर्थव्यवस्था और केंद्र सरकार के उपेक्षा पूर्ण रवैए के बावजूद कांग्रेस सरकार हर वर्ग को राहत देने के साथ साथ प्रदेश को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी सार्थक कार्य कर रही है। कौशल ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने ही प्रदेश को पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में विकास मॉडल राज्य के रूप में स्थापित करने का कार्य किया है।

त्रिलोकपुर मेलें के दौरान आग्नेयास्त्र, मांस-मछली व तूड़ी ढुलाई वाले वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध: जिला दंडाधिकारी

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन: जिला दण्डाधिकारी सिरमौर एल.आर.वर्मा ने आज यह आदेश जारी करते हुए बताया कि 30 मार्च से 12 अप्रैल, 2025 तक चलने वाले श्री महामाया बाला सुंदरी चैत्र नवरात्र मेला त्रिलोकपुर के दौरान कालाअंब पुलिस स्टेशन और मेला क्षेत्र की सीमाओं में किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र, घातक हथियार व विस्फोटक सामग्री आदि लाने ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने यह भी आदेश जारी किए है कि मेला अवधि के दौरान कोई भी तीर्थयात्री मंदिर में नारियल नहीं चढ़ाएगा तथा मेला क्षेत्र में शराब लेकर/ पीकर कोई भी गैर कानूनी गतिविधि नहीं करेगा। जिला दण्ड़ाधिकारी ने आदेश जारी किए हैं कि कालाअंब से त्रिलोकपुर रोड़ पर 30 मार्च से 12 अप्रैल, 2025 तक यातायात व्यवस्था को सूचारू रूप से बनाए रखने हेतू प्रातः 6 बजे से रात्री 10 बजे तक उद्योगों में प्रयुक्त होनें वाले तूडी अथवा भूसा आदि से लद्दे ट्रक व ट्रैक्टर चलाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने मेला अवधि के दौरान धार्मिक भावना एवं आस्था के मद्देनजर यह आदेश जारी किए हैं कि समपूर्ण मेला क्षेत्र त्रिलोकपुर में मांस व मछली इत्यादि की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा ताकि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं में किसी प्रकार का जनाक्रोश उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि कालाअंब से त्रिलोकपुर सडक के साथ लगती मांस व मछली की दुकानों में विक्रेताओं को केवल दुकान के अंदर ही (पर्दे में) मांस व मछली का विक्रय करना होगा। इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

शिमला एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला, पायलट को लगानी पड़ी इमरजेंसी ब्रेक

शिमला/टीम एक्शन इंडिया

राजधानी शिमला के जुबड़हट्टी हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। दिल्ली से शिमला आ रही एलायंस एयर की एटीआर फ्लाइट लैंडिंग के दौरान रनवे पर संतुलन बनाने में मुश्किल में आ गई। विमान ने अपेक्षा से आगे लैंड किया जिससे पायलट को अंतिम छोर पर इमरजेंसी ब्रेक लगाना पड़ा।

इस विमान में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) समेत कई अन्य यात्री सवार थे। इमरजेंसी ब्रेक लगने के दौरान विमान में बैठे यात्रियों में घबराहट का माहौल बन गया। हालांकि पायलट और क्रू मेंबर्स की सूझबूझ से विमान को सुरक्षित रोका जा सका। इस घटना के बाद एलायंस एयर ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए विमान को आगे धर्मशाला न भेजने का फैसला किया और शेष उड़ानों को भी रद्द कर दिया।

लाख रेनबो ट्राउट मत्स्य बीज का स्थानांतरण मत्स्य विभाग उत्तराखड उत्तरकाशी को किया गया

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

कुल्लू : जिला कुल्लू के फोजल क्षेत्र में कार्यशील रेनबो ट्राउट मत्स्य कृषक सरला नेगी द्वारा अपनी हेचरी से 1 लाख रेनबो ट्राउट मत्स्य बीज का स्थानांतरण मत्स्य विभाग उत्तराखड उत्तरकाशी को किया गया पूरब में भी एक लाख अंडों का स्थानांतरण उत्तराखंड मत्स्य विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश में कार्यशील मत्स्य पालकों से लिया गया था। निदेशक और प्रारक्षी मतस्य विभाग विवेक चंदेल ने बताया कि विभाग निरंतर मत्स्य पालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है और जिला कुल्लू को एक ट्राउट हब के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है आने वाले समय में जैसा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत नए ट्राउट रेसवेज का निर्माण चला हुआ है। विभाग इसी कड़ी में मत्स्य बीज प्रजनन क्षमता को बढ़ाने के लिए कार्यशील है ताकि आने वाले समय में मत्स्य बीज में हम न केवल पूर्ण रूप से स्वावलंबी हो अपितु प्रदेश के बाहर कार्यशील मत्स्य पालकों को भी इसी भांति और ज्यादा सीड दे कर सके।

श्री राम जन्मभूमि आन्दोलन में 14 रामभक्तों को सम्मानित किया

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन: श्री सनातन चैरिटेबल वैलफेयर सोसाइटी नाहन का शुभारंभ हिन्दु आश्रम स्थान में आयोजित हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी तीर्धानन्द ने दीप प्रजवल्लन किया व प्रभु श्री राम जी की वन्दना के साथ पुरे धार्मिक मन्त्रों के उच्चारण के साथ सोसाईटी के शुभारम्भ का श्री गणेश हुआ। सोसाईटी ने श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में महायोगदान हेतु 11 रामभक्तों को जिसमें से 4 राम भक्तों को मरणोंउपरान्त स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश, स्वर्गीय श्री देवेन्द्र चौधरी, स्वर्गीय डॉ0 दामोदर पांडे, स्व0 वेद जी पंसारी के परिवार जनों सहित श्री राम प्रभु के स्मृति चिन्ह देकर सम्मानीत किया एवं मुख्य अतिथी एवं सनातन धर्म के लिए उतकृष्ठ योगदान हेतु 14 लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके प्रश्यात सोसाईटी के अध्यक्ष राकेश अरोडा ने सभी उपस्थित सनातन धर्मों के लोगों का हार्दिक अभिन्दन किया इसके पश्चात गुरू रवीदास सभा के अध्यक्ष बाबुराम, बहन सीमा, सुमित गुप्ता जी ने सनातन धर्म के ऊपर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि स्वामी तीर्थानन्द जी सनातन धर्म सेवा कार्य के बारे में जानकारी दी। पडी सोसाईटी सनातन धर्म के लिए क्या करना चाहती है के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया हर हिन्दु भाई तक सरकार की कल्याणकारी योजनाये पहुंचे के बारे में पुरा सहयोग करने के लिए कहा। सोसाईटी हर हिन्दु भाई बहन के दुख कष्ट में जन्म से लेकर अंतिम समय तक तन मन धन से पुरा सहयोग करेगी। सासाईटी हिन्दु धर्म के लोगों के लिए विशेष रूप से युवाओं के लिए स्वरोजगार में उपयोगी भूमिका निभाएगी, समाज में अपने किसी भाई को कोई भी आवश्यकता हुई तो सोसाईटी समाज के सहयोग से सेवा कार्य करेगी। मठ, मन्दिर के कार्य में पुरा सहयोग करेगी।

राज्यस्तरीय लघु शिवरात्रि मेला के जोगिंद्रनगर के लिए कलाकारों के ऑडिशन 27, 28 व 29 को

टीम एक्शन इंडिया
संगराय

जोगिंद्रनगर : एक से पांच अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर की चार सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों के ऑडिशन 27, 28 व 29 मार्च को निर्धारित किये गए हैं। यह ऑडिशन मिनी सचिवालय परिसर के सभागार में प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक लिए जाएंगे। इस बारे जानकारी देते हुए मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम मनीश चौधरी ने बताया कि राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिन्दर नगर में चार सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के इच्छुक कलाकार 27, 28 व 29 मार्च को ऑडिशन में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को जोगिन्दर नगर व पधर उपमंडल, 28 मार्च को जिला मंडी तथा कांगड़ा जिला के बैजनाथ व पालमपुर उपमंडल तथा 29 मार्च को प्रदेश के अन्य जिलों के कलाकार ऑडिशन में भाग ले सकते हैं। यह ऑडिशन मिनी सचिवालय परिसर के सभागार में प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक लिए जाएंगे। एसडीएम ने बताया कि कलाकारों के ऑडिशन लेने के लिए तहसीलदार जोगिन्दर नगर के संयोजन में एक समिति गठित की गई है।

केवाईसी करवाने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

ऊना: विद्युत उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ता 31 मार्च तक अपने बिजली मीटरों की केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। यह जानकारी विद्युत सहायक अभियंता उदित सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के विद्युत मीटर की केवाईसी प्रक्रिया 31 मार्च तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने विद्युत मीटर को आधार कार्ड से लिंक नहीं करवाया है, वे जल्द से जल्द यह कार्य पूरा करें।

सुंदर ठाकुर स्पष्ट करे कि वह कुल्लू की जनता के साथ या बाहर से आए खालिस्तानी हुड़दंगियों के साथः अमित सूद

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

कुल्लू: विधानसभा में खलिस्तानी समर्थकों और मस्जिदों के नाम पर अवैध कब्जा करने वालों का पक्ष लेने पर जिला कुल्लू भाजपा ने विधायक सुंदर ठाकुर को आड़े हाथों लेते हुए उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भारतीय जनता पार्टी कुल्लू के जिला अध्यक्ष अमित सूद ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि बाहर से आ रहे हुड़दंगी हिमाचल जैसे शांत प्रदेश के वातावरण को खराब कर रहे हैं जिससे दिन प्रतिदिन कानून व्यवस्था तार तार होती जा रही है। उन्होंने कहा कि खासतौर पर कुल्लू जैसे शांत जिला जहां के लोग आपसी भाईचारे और समृद्ध देव संस्कृति के लिए विश्वभर में अपना विशेष स्थान रखते हैं वहां पर शांति को भंग करने के प्रयास बाहरी राज्यों से आ रहे हिंसक सोच वाले लोग कर रहे हैं और आश्चर्य की बात है कि स्थानीय विधायक विधानसभा में इन लोगों का समर्थन कर रहे हैं। सुंदर ठाकुर विधानसभा में इस प्रकार की टिपण्णी कर सांप्रदायिकता का जहर घोल रहे हैं और हिंदू सिख एकता को तोड? का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सुंदर ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव पूर्व झुठी गारंटीयों पर उनके बोल आज भी उन्हें हंसी का पात्र बनाते हैं परंतु वे सीपीएस पद से हटाए जाने के बाद अपना मानसिक संतुलन और विवेक तक खो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब में हिमाचल प्रदेश की बसों पर लगातार हमले हो रहे हैं, पीछले कुछ ही दिनों में प्रदेश में लगभग डेढ़ दर्जन हत्याएं हो चुकी है, प्रदेश के लगभग सभी क्षेत्रों में गोलीबारी आम बात हो गई है, मस्जिद और मजारों के नाम पर धड़ले से अवैध कब्जे किए जा रहे हैं, नशा माफिया चरम पर पहुंच गया है परंतु इन सभी मुद्दों पर सुंदर ठाकुर मौन है। जिस कुल्लू की जनता ने उन्हें विधानसभा पहुंचाया आज उसी जनता के खिलाफ वे जहर उगल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला में पंजाब से आ रहे खालिस्तान समर्थक हवा में तलवारें लहराते हुए प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं जो अत्यंत चिंता का विषय है।

पनोग पंचायत की डिल्वी सडक की हुई सफल पासिंग

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

शिमला: कोटखाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनोग की डिल्वी सडक सम्पर्क मार्ग की सफलतापूर्वक पासिंग होने पर पंचायत वासियो ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया हैं।

लाभार्थियों ने संयुक्त ब्यान जारी करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों से डिल्वी सडक सम्पर्क मार्ग की सफल पासिंग सम्भव हो पाई हैं। गौरतलब हैं कि उप चुनाव के बाद जुब्बल-नावर-कोटखाई में अब तक रिकॉर्ड 112 सडकें तथा कांग्रेस सरकार के गठन के बाद 92 सडकों की सफल पासिंग हो चुकी हैं। इसके विपरीत पूर्व भाजपा सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल में पूरे विधानसभा क्षेत्र में मात्र 5 सडको की ही पासिंग करवा पाई इसके साथ ही क्षेत्र में सडकों की दुर्गति बनी रही।

शहीद दिवस के अवसर पर कवि गोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
हामिद

चंबा: शहीद दिवस के अवसर पर भाषा एवं संस्कृति विभाग, नेता जी सुभाष चंद्र बोस-जयन्ती आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में ढुंडयारा बंगला में कवि गोष्ठी और परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के महान शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। हिमाचल प्रदेश की समृद्ध-सांस्कृतिक धरोहर तथा साहित्यिक परंपराएं परिचर्चा का हिस्सा रहीं। वरिष्ठ, नवोदित, बाल-कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर गोष्ठी को सफल बनाया।

बाल कवि आदिल, तन्वी यशबनी, यसमाश्री ने काव्य पाठ कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। कवि करुण कुमार, थे वीर अनोखे अल्हड़ से वो अनूप आर्या, समर्पण प्रेम की आशा है चलो चम्बा चलते एम.आर. भाटिया, लहू से अपने रंग दिया आजादी की तस्वीरों को रामानंद ठाकुर आज का कवि सम्मेलन समर्पित देश भक्त लालों को केवल सिंह भारती आरक्षण मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है भूपेंद्र सिंह जसरोटिया,- खण्डा साही घुलदी चम्ब्याली मुकी गेया पाणी सुनो चम्बे दी कहाणी सुभाष साहिल, बचपन यौवन खुशियाँ मिस्त्रा श्वाश लिखे रणजीत ठाकुर आग लगी वृक्ष को उड़ जा पंछिया अशोक दर्द,-सब कुछ भूल कर जो फंदे पर झूल गए-पिघलते नहीं पथर आंसू बहाने से- मैं कविए दी लाडी अडियो मोनिका उपासना पुष्प, कई साल हो गए आजादी को तुमसे गुजर कर जो हवा आ रही अमित भारद्वाज धुंधले से किस्से वक्त की दीवारों से हो गए अभिषेक आदि रचनाओं का पाठ किया। कवियों ने मानवीय संबंधों, समाज के ताने-बाने, उलझते रिश्तों और प्रकृति के विविध पहलुओं पर आधारित रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

कवि सम्मेलन के दौरान हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और समाज के विकास में साहित्य के योगदान पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने हिमाचल के सांस्कृतिक तथा प्राकृतिक सौंदर्य तथा साहित्य के सामाजिक महत्व पर अपने विचार साझा किए। मंच का संचालन जगजीत आजाद ने किया। इस अवसर पर केप्टन जैसी राम शर्मा, तरुण नश्कर, ऋतु कोशिक विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

क्षय रोग दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

मंडी: विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर आज क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में जिला स्तरीय क्षय रोग दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजकीय नर्सिंग विद्यालय मंडी की प्रशिक्षु छात्राओं तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश ठाकुर ने क्षेत्रीय अस्पताल मंडी के परिसर से एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली अस्पताल से सेरी मंच तक निकाली गई, जिसमें प्रशिक्षुओं ने स्लोगन व नारों के माध्यम से क्षय रोग से बचाव संबंधित जानकारी प्रदान की।

राज्यपाल ने निःशुल्क 'एक्यूपंक्चर चिकित्सा' शिविर का किया शुभारंभ

शिविर

▶▶ शिविर का आयोजन रेडक्रॉस शाखा द्वारा अखिल भारतीय एक्यूपंक्चर फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

शिमलाः राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल ने आज राज्य रेडक्रॉस भवन में दो दिवसीय निःशुल्क 'एक्यूपंक्चर चिकित्साइ शिविर का शुभारंभ किया। शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस शाखा द्वारा अखिल भारतीय एक्यूपंक्चर फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष जानकी शुक्ला भी उपस्थित थी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राज्य रेडक्रॉस सोसायटी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष भी इस प्रकार के एक्यूपंक्चर शिविर का आयोजन किया गया था जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया था। शिविर की सफलता को देखते हुए इस वर्ष भी शिविर का अयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में प्रसिद्ध एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि एक्यूपंक्चर उपचार की एक प्रभावी प्राकृतिक पद्धति है। राज्यपाल के सचिव एवं राज्य रेडक्रॉस के महासचिव सीपी वर्मा और रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

नलवाड़ी मेले के समापन पर सीएम का न आना परंपरा से खिलवाड़ः सुभाष ठाकुर

गौरवमयी परंपरा

▶▶ उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नलवाड़ी मेले मे आने की गौरवमयी परंपरा रही है

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः सीएम साहब को बिलासपुर के कांग्रेस नेताओं की राजनीति से एतराज हो सकता है लेकिन जनता ने उनका क्या बिगाड़ा है, पूरे वर्ष में राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला का समापन एक ऐसा पर्व होता है जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सारा कार्यक्रम होता है, यही नहीं सीएम अपने मित्रों एवं सहयोगियों के साथ रात्रि कार्यक्रम का भी लुत्फ उठाते हैं लेकिन तीन साल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह एक बार भी इस पर्व पर बिलासपुर नहीं आए जिससे जनता में भारी रोष है। यह बात भाजपा सदर मंडल के पूर्व प्रवक्ता सुभाष ठाकुर ने प्रैस को जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नलवाड़ी मेले मे आने की गौरवमयी परंपरा रही है लेकिन कांग्रेस की इस सरकार ने इस परंपरा को ही बंद कर दिया है। सुभाष ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री का जिला में आना बहुत सी उम्मीदों से भरा होता है। बिलासपुर में भाखड़ा विस्थापित, वरिष्ठ नागरिक व अन्य संगठन उनकी आवभगत के लिए तैयार बैठे थें लेकिन अंतिम क्षणों में उन्हें निराशा ही हाथ लगी। वहीं अन्य मसलों पर सुभाष ठाकुर ने कहा कि वित्तीय कुप्रबंधन से आर्थिक कंगाली से जूझ रही प्रदेश की कांग्रेस सरकार लोगों पर और वित्तीय बोझ डालने का प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार ने चेहतों को लाभान्वित करने के लिए रेवडि?ों की तरह लाभ के पद दिए हैं, इन्हें हटाने की जगह प्रदेश सरकार ने अब बिजली पर सेस लगाने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है जबकि पूर्व प्रदेश सरकार के समय 125 यूनिट बिजली फ्री में दी जाती थी।

संक्षिप्त खबरें

केंद्रीय गृह मंत्री से कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा: मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

शिमलाः मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत दिवस को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि उन्होंने हाल ही में अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने गृह मंत्री से वर्ष 2023-2024 में प्राकृतिक आपदा के एवज में 9042 करोड़ रुपये की पोस्ट डिजास्टर नीड एसस्मेंट को शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह जल्द से इस बारे में कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के बारे में भी चर्चा की गई तथा केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश में ड्रग्स के मामलों में 30 प्रतिशत कमी आई है। इससे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विधानसभा में एक एक्ट भी लाया जा रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल पार्टी के नेताओं से चर्चा कर कांग्रेस पार्टी हाईकमान के अनुमोदन से शीघ्र ही प्रदेश पार्टी संगठन की घोषणा करेंगी।

उन्होंने कहा कि शिमला एयरपोर्ट पर विमान में आई तकनीकी खराबी के बारे में वह केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री से बातचीत करेंगे।

शिमला में मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे जल रक्षक, नियमितिकरण को लेकर पॉलिसी में संशोधन करने की कर रहे मांग

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

शिमलाः हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र के ग्यारहवें दिन आज जल रक्षकों ने शिमला के चौड़ा मैदान में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल रक्षक लंबे समय से नियमितिकरण को लेकर पॉलिसी में संशोधन करने की मांग उठा रहे हैं। संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि सरकार जबतक उनकी मांगे नहीं मानेगी तब धरना जारी रहेगा। जल रक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष रूप लाल ने बताया कि प्रदेशभर में नौ हजार के करीब जलरक्षक सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने मात्र 300 रुपए वेतन बढ़ाया है। उन्हें 56 सौ रुपए वेतन दिया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 12 साल सेवाएं देने के बाद जल रक्षकों को अनुबंध पर लाया जाता है। इस अवधि को घटकर 7 वर्ष किया जाना चाहिए। उन्हें पूर्ण रूप से जल शक्ति विभाग में शामिल किया जाना चाहिए। रूप लाल ने कहा कि सीएम और डिप्टी सीएम से उन्हें केवल आश्वाशन ही मिला लेकिन अभी तक कोई नीति नहीं बन पाई। ऐसे में इस बार जब तक सरकार उनसे बात करके मांगे नहीं मानते है तब तक धरना जारी रहेगा।

पांवटा बद्रीपुर चौक पर हाईटेक ट्रैफिक लाइट शुरू

नाहन

सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। शहर के प्रमुख बद्रीपुर चौक पर नई हाईटेक ट्रैफिक लाइट स्थापित कर दी गई है। इस अवसर पर एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा और पांवटा साहिब के एसडीएम गुंजित सिंह चीमा विशेष रूप से मौजूद रहे।

एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टायोगेश रोल्टा ने कहा कि बद्रीपुर चौक पर 2010 में पहली बार ट्रैफिक लाइट लगाई गई थी, लेकिन हाईवे निर्माण के दौरान यह टूट गई थी। इसके बाद यहां ट्रैफिक जाम और सड़क हादसे आम समस्या बन गए थे। अब मैनकाइंड फार्मा कंपनी ने ?7 लाख की लागत से नई हाईटेक ट्रैफिक लाइट लगवाई है, जिससे ट्रैफिक नियंत्रण में मदद मिलेगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। नई ट्रैफिक लाइट के साथ एक नया ट्रैफिक प्लान भी तैयार किया जाएगा जिससे लोगों को सुचारू यातायात व्यवस्था मिले और जाम की समस्या से राहत मिल सके। प्रशासन इस विषय पर लगातार कार्य कर रहा है और जल्द ही पूरे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

पंजाब के दो व्यक्ति 38 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

कुल्लू/टीम एक्शन इंडिया

कुल्लू मंडी सीमा पर स्थित ओट के समीप एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा हेरोइन तस्करी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को संबधित थाना के सुपुर्द कर दिया गया है।

नशा तस्करी का मामला रविवार बीती रात उस दौरान सामने आया जब एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम गश्त पर थी। इस दौरान टीम को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली कि दो व्यक्ति नशे की खेप लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने योजन बनाकर शनि मंदिर के समीप सामने से आ रहे दो व्यक्तियों को दबोच लिया।

70 करोड़ से पूर्ण होगा सुन्नी लुहरी सडक का उन्नयन कार्यः विक्रमादित्य सिंह

भूमि पूजन

▶▶ उन्होंने कहा कि सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना प्रदेश और देश निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

शिमलाः लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चेबडी के गांव लोटी में सलापड़-तत्तापानी-सुन्नी-लुहरी सडक के सुधार एवं उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया। सडक का उन्नयन कार्य लगभग 70 करोड़ रुपए से पूर्ण किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सुन्नी लुहरी सडक क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सडक है जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से क्षेत्र के शकरोडी, चेबड़ी, भराड़ा, ओगली एवं बाग पंचायत को जोड़ती है। सडक का उन्नयन कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र की जनता को इसका लाभ प्राप्त होगा। सडक निर्माण में सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना प्रदेश और देश निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण होना सभी के लिए हितकारी है। बड़े स्तर की परियोजना में छोटी - छोटी दिक्कते आती रहती है लेकिन उनका समाधान एवं क्षेत्र के लोगों के हितों की रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है जिसके लिए सतलुज जल विद्युत निगम के अधिकारियों को आवशयक दिशा - निर्देश जारी किये गए है ताकि लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। प्रभावितों को रोजगार में दे प्राथमिकता : लोक निर्माण मंत्री

लोक निर्माण मंत्री ने निमार्णाधीन सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना का भी निरीक्षण किया। खैरा में सतलुज जल विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मंत्री ने कहा कि बांध प्रभावित परिवारों को रोजगार में प्राथमिकता प्रदान करें ताकि क्षेत्र के लोगों को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बांध परियोजना से संबंधित जो भी मसले सरकार के स्तर के होंगे उन सभी मुद्दों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा ताकि उनका समाधान निकाल कर परियोजना को समयबद्ध पूर्ण किया जा सके। इस दौरान सतलुज जल विद्युत निगम के अधिकारियों बांध परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर परिषद सुन्नी प्रदीप शर्मा, जिला परिषद सदस्य रीना कश्यप, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल शर्मा, परियोजना प्रमुख एसजेवीएनएल राजीव अग्रवाल, परियोजना निदेशक ऋत्विक कंपनी कृष्णा कुमार सत्ती सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने घायल पीएसओ संजीव कुमार का जाना कुशलक्षेम

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने पिछले कल देर शाम नलवाड़ी मेले के समापन समारोह के बाद एम्स बिलासपुर पहुंचकर पूर्व विधायक बाबर ठाकुर पर हुए हमले में घायल पुलिस सुरक्षा अधिकारी संजीव कुमार से मुलाकात की। उन्होंने संजीव कुमार का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। डॉ. शांडिल ने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों से उनके उपचार की विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिए कि संजीव कुमार को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके इलाज में कोई कमी न रहे। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

पाइपलाइन लीकेज से फिसलन बनी जानलेवा, हादसे में लड़की घायल

नाहन

पांवटा ब्लॉक के अंतर्गत पंचायत कंडेला अदवार में जल शक्ति विभाग की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। उप प्रधान के घर के पास पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क पर लगातार पानी बह रहा है, जिससे फिसलन बढ़ गई है। इस कारण यहां पहले भी कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से इस समस्या की अब तक अनदेखी की गई। ताजा घटना में एक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो बजरी लेकर जा रहा था। फिसलन के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

वीएम बिलासपुर इलेवन ने बैंकर्स एंड रेलवे इलेवन को हराकर जीता तीसरा मैच

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः जिला प्रशासन एवं बिलासपुर क्रिकेट संघ के संयुक्त तत्वावधान में चल रही इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को खेले गए तीसरे और अंतिम लीग मैच में बिलासपुर व्यापार मंडल ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए बैंकर्स एंड रेलवे इलेवन को 42 रनों की करारी शिकस्त देकर प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रवेश कर लिया है। बिलासपुर व्यापार मंडल इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें निर्धारित 15 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाए। जिसमें सलामी बल्लेबाज राघव ने 31 रन बनाए जबकि सुमित बिना खाता खोले पैवेलियन लौट गए। इसके बाद अजय और विनेंद्र ने पारी को संभाला और अजय ने 12 तथा विनेंद्र ने 27 जोड़े। जुमित राय ने नौ गेंदों मे ताबड़तोड़ 20 महत्वपूर्ण रन बनाए। इसके अलावा अंकित ने दस रन बनाए। विरोधी टीम की ओर से आशीष शर्मा ने तीन, एसएम मिश्रा ने दो तथा आदिल वानी, सुशील और बलवंत ठाकुर ने एक-एक विकेट हासिल किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैंकर्स एंड रेलवे इलेवन आठ विकेट खोकर 82 रन ही बना सकी। इस टीम में आशीष शर्मा ने 21, रणजीत धीमान ने 34 तथा सुशील ने 11 रन बनाए जबकि शेष बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सके। बिलासपुर व्यापार मंडल इलेवन की ओर से विकास टेस्सू ने सर्वाधिक तीन विकेट हासिल किए जबकि विनेंद्र डोगरा ने दो, राघव और अजय ठाकुर ने एक-एक विकेट हासिल किया।

बिलासपुर व्यापार मंडल इलेवन के कप्तान विजय कुमार ने बताया कि इस टीम के सभी खिलाडि?ों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर लीग के सभी मैच जीत लिए हैं तथा अब नॉक आउट क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में मंगलवार को टीम अपना मैच एसीसी इलेवन के साथ खेलेगी।

मिनर्वा स्कूल में दाखिले के लिए 520 बच्चों ने दिया एंट्रेंस टैस्ट

पहली पसंद

▶▶ बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए मिनर्वा स्कूल घुमारवीं अभिभावकों की पहली पसंद बना है

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए मिनर्वा स्कूल घुमारवीं अभिभावकों की पहली पसंद बना है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि स्कूल में प्रवेश पाने के लिए आयोजित पहले प्रवेश परीक्षा में लगभग 520 बच्चों ने अपना भाग्य आजमाया। मिनर्वा स्कूल में रविवार को प्रवेश परीक्षा टैस्ट का आयोजन किया। जिसमें बिलासपुर ही नहीं अन्य जिलों से बच्चे टैस्ट देने पहुंचे। पहले चरण की परीक्षा में दाखिले के लिए 520 से अधिक बच्चों ने एंट्रेंस टैस्ट दिया। यह जानकारी देते हुए पाठशाला के प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने बताया कि पहले चरण की परीक्षा में पहली से दसवीं कक्षा तक 300 बच्चों ने टैस्ट दिया। वहीं जमा एक व जमा दो की कक्षाओं के लिए 230 बच्चों ने एंट्रेंस टेस्ट दिया। 25 मार्च को एंट्रेंस टैस्ट का रिजल्ट स्कूल की वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा। । परीक्षा में मैरिट के आधार पर ही दाखिला मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा को यदि कोई बच्चा भाग न ले सका हो या कोई उतीर्ण नहीं कर सका हो तो वह 30 मार्च व 4 अप्रैल को आयोजित होने वाले एंट्रेंस टैस्ट में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले चरण की परीक्षा का परिणाम 25 मार्च को घाषित किया जाएगा। जो बच्चे इस परीक्षा में उतीर्ण होंगे वह छह अप्रैल तक अपना एडमिशन स्कूल में करवा लें। 10 अप्रैल से नए सेशन की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। प्रवेश चंदेल ने बताया कि एंट्रेन्स टेस्ट में दूसरी कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 25 अंकों की रखी गई थी। जबकि छठी कक्षा से लेकर नौवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 35ए दसवीं कक्षा के बच्चों की परीक्षा 45ए जमा एक तथा जमा दो की परीक्षा में 60 अंकों के प्रश्न पूछे गए।

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत घनाहटी प्रशिक्षण केंद्र में शिविर आयोजित

टीम एक्शन इंडिया

घनाहटीः पशु पालन विभाग के प्रशिक्षण केंद्र, घनाहटी में आज राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (ह्वष्ठष्टक्क) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पशुओं में होने वाली संक्रामक बीमारियों जैसे खुरपका-मुंहपका रोग (स्नरूष्ठ) और ब्रुसेलोसिस के नियंत्रण हेतु टीकाकरण और जागरूकता पर जोर देना था। शिविर में 50 पशु पालकों एवं जन प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विशेषज्ञों से पशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। शिविर का संचालन पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. नीरज मोहन के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक डॉ. अमित अत्री, सहायक निदेशक डॉ. हितेंद्र ग्रेक, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुर गुप्ता, डॉ. हीना बहल, डॉ. अक्षय धवन, डॉ. ऐश्वर्या और डॉ. ऋषभ मेहता जैसे विशेषज्ञ मौजूद रहे। इन सभी ने पशुओं में होने वाली प्रमुख बीमारियों के लक्षण, संक्रमण के तरीके, उपचार और रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. ऐश्वर्या और डॉ अक्षय धवन ने खुरपका-मुंहपका और डॉ ऋषभ मेहता ने ब्रुसेलोसिस रोगों पर विशेष ध्यान देते हुए इनके लक्षणों, प्रसार के माध्यमों और रोकथाम के तरीकों पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित अत्री ने पशु पालकों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। वहीं, डॉ. हीना बहल ने पशुओं के रख-रखाव और देखभाल के महत्व पर जोर दिया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुर गुप्ता ने पशु पोषण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संतुलित आहार से पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे संक्रामक रोगों का खतरा कम होता है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि कच्चे दूध को हमेशा उबालकर प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि इसमें जूनोटिक बीमारियों (पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों) का खतरा रहता है। उबालने से कीटाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे दूध सुरक्षित हो जाता है,साथ ही साथ उन्होंने बताया कि मांस मछली और अंडे को भी उबाल कर या आग पर पका कर ही खाना चाहिए,कच्छे दूध,अंडे और मांस का सेवन कभी नहीं करना चाहिए

कार्यालय ग्राम पंचायत तलाड़ा
विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रस्ताव संख्या : 04 — अध्यक्षः प्रधान श्रीमति नीलम कुमारी — दिनांक :21.03.2025

वर्ष 2025-26 में विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की सप्लाई हेतु निविधाएं आमन्त्रित करने बारे:

ग्राम पंचायत की बैठक में प्रधान श्री नीलम कुमार द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि पंचायत द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री हेतु सप्लायरों से निविधाएं आमन्त्रित की जानी आवश्यक है, ताकि आगामी वित्त वर्ष में पंचायत द्वारा विकास कार्यों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

क्र०सं०	विवरण	मात्रा
1	क्रैशर बजरी	@1m³
2	क्रैशर रेता	@1m³
3	क्रैशर पत्थर	@1m³
4	सोलिंग पत्थर	@1m³
5	पत्थर लोकल	@1m³
6	रेता लोकल	@1m³
7	बजरी लोकल	@1m³
8	सरिया (08mm,10mm,12mm,16mm etc.)	@kg
9	ईंट	@1000 no
10	शटरिंग IRON	@1m³
11	टैंकर पानी	@1 Tank
12	मिक्सचर मशीन	1 @दिन
13	बोर्ड (सीमेंट)size अनुसार लिखाई सहित	@1 no.
14	जे०सी०बी०	प्रति घंटा @
15	बैंच	@1 no.
16	Floor Tile	@1no.
17	Wall Tile	@1no.
18	Paint,door, window	@1no.
19	सीमेंट बैग किराया (HPCSCo. Fatehpur से कार्य स्थल तक)	प्रति बैग किराया @
20 [illegible]		
21 [illegible]		
22 [illegible]		
23 [illegible]		

साथ ही, अन्य कोई भी सामग्री जो विकास कार्य हेतु उपयोग की जाती हो। विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री मात्रा के अनुसार हो। उपरोक्त सामग्री सप्लायरों से अनुरोध है कि दिनांक 06/04/2025 तक शाम पांच बजे तक,निविधाएं पंजीकृत / बंद लिफाफे (डाक द्वारा) या कार्यालय ग्राम पंचायत तलाड़ा में जमा करवा सकते है।

नोट : सप्लायर के पास GST NO.होना चाहिए। अतः जिस सप्लायर के पास GST NO. नही होगा उसकी निविधाएं पर विचार-विमर्श नही किया जाएगा। तथा X / Y/W/M तथा योग्य फार्म के बिना सप्लाई को गई सामग्री की अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी और सप्लाई की जाने वाली सामग्री की दरें हि.प्र. सरकार द्वारा निर्धारित दरों (Shedule Rates) से भी कम नही होनी चाहिए। दिनांक 06/04/2025 के बाद प्राप्त होने वाली निविदाएं आमन्य होंगी। इसके अलावा यदि किसी सप्लायर की निविधाएं स्वीकृत हो जाती है और वह निर्धारित मापदण्डो के अनुसार सही सामग्री की सप्लाई नही करता है तो ग्राम पंचायत द्वारा तुरंत प्रभाव से उसकी निविधाएं निरस्त करके अगले सप्लायर/ Vendor की निविधाएं स्वीकृत करके सामग्री ले ली जाएगी। उपरोक्त निविधाएं दिनांक 07/04/2025 को दोपहर 12बजे कमेटी के समक्ष खोली जाएगी।

सचिव
ग्राम पंचायत तलाड़ा

विधान सभा पहुँचे हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण

अगवानी

कुलदीप पठानियां ने गर्मजोशी के साथ किया स्वागत, सदन की कार्यवाही भी देखी

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

शिमला: आज अपराह्न 1 बजे हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण धर्मपत्नि सहित हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय पहुँचे। गौरतलब है कि हरविन्द्र कल्याण पिछले कल से हिमाचल राज्य के प्रवास पर हैं तथा राज्य सरकार द्वारा उन्हें राज्य अतिथि घोषित किया गया है। विधान सभा सचिवालय पहुँचने पर हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने उनकी अगवानी की तथा गुलदस्ता भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कुलदीप पठानियां ने अपने कार्यालय कक्ष में हरविन्द्र कल्याण को शॉल, टोपी पहनाकर व समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनकी धर्मपत्नि को भी शॉल भेंट कर सम्मानित किया । हरविन्द्र कल्याण ने राज्यपाल हि0प्र0 तथा विधान सभा अध्यक्ष के साथ शिष्टाचार भेंट करने का कार्यक्रम रखा था। हरविन्द्र कल्याण के साथ उनकी धर्मपत्नि भी शिमला प्रवास पर है। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान व नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर भी मौजूद थे।

इस अवसर पर हरविन्द्र कल्याण को कुलदीप सिंह पठानियां ने कौंसिल चैम्बर के इतिहास की जानकारी दी। सदन की कार्यवाही आरम्भ होने से पूर्व पठानियां ने उन्हे अवगत करवाते हुए कहा कि कौंसिल चैम्बर एक ऐतिहासिक इमारत है जिसका निर्माण वर्ष 1920 से 1925 के बीच रू10 लाख की लागत से हुआ था। यह इमारत देश की पहली राष्ट्रीय असैम्बली बनी तथा विठ्ठल भाई पटेल ने अंग्रेज प्रतिद्वन्द्वी को 2 मतो से हराकर राष्ट्रीय असैम्बली का पहला चेयरमैन बनने का गौरव हासिल किया। महिलाओं को मताधिकार का अधिकार तथा अंग्रेजो भारत छोड़ो का प्रस्ताव यहीं से पारित हुआ था। कौंसिल चैम्बर को पँजाब विधान सभा होने का भी गौरव प्राप्त हुआ था। 1952 से 1957 तथा पुनः 1 जुलाई, 1963 से हिमाचल प्रदेश विधान सभा का यह प्रमुख भवन है।

गृहमंत्री से PDNA की ग्रांट जल्द जारी करने की की मांग: मुख्यमंत्री

दिल्ली दौरा

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री की सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली दौरे से वापस लौटे।

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

शिमला: हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री की सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली दौरे से वापस लौटे। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में शामिल होने के लिए विधानसभा पहुंचे मुख्यमंत्री ने प्रेस से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से उन्होंने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गृह मंत्री से केंद्र से जल्द क्कष्ठह्र जारी करने और नशे की समस्या को लेकर चर्चा की।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि दिल्ली में उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की.

इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री से साल 2023 24 के लिए क्कष्ठह्र की राशि जल्दी जारी करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने नशे की समस्या पर भी गृह मंत्री से चर्चा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री की ओर से उन्हें आश्वासन दिया गया है. वहीं, संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हिमाचल कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल प्रदेश दौरे पर आई थीं। उन्होंने सभी नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों से चर्चा की है।

जैसे ही हाईकमान से मंजूरी मिलेगी, एक मजबूत संगठन बनाया जाएगा। वहीं, शिमला के जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट पर आज सुबह एक संभावित हादसा टलने की घटना पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से बात करेंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

त्रिलोकपुर में 30 मार्च से 12 अप्रैल तक आयोजित होगा चैत्र नवरात्र मेला

नाहन

उत्तर भारत की शक्तिपीठों में शुमार महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में इस वर्ष चैत्र नवरात्र मेला 30 मार्च से 12 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने यहां आयोजित होने वाले नवरात्र मेले की तैयारी को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए हैं और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुकम्मल सुविधाएं गई है।

कार्यवाहक डीसी सिरमौर एल आर वर्मा ने बताया कि महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में चैत्र नवरात्र मेला बड़ी धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा।

पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने वित्तीय लाभ न देने पर जताई नाराजगी

महत्वपूर्ण बैठक

-मेडिकल बिलों का भुगतान न होने पर इलाज करवाना हुआ मुशिकल: शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

ऊना: हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन ने सोमवार को ऊना जिला मुख्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन करते हुए ब्लॉक स्तरीय इकाई का गठन किया। इस मौके पर वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में एमएल शर्मा को अध्यक्ष चुन लिया गया। इस ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन करते हुए पेंशनर्स ने अपनी मांगों पर भी विचार मंथन किया। बैठक की अध्यक्षता डीडी वशिष्ट ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और सदस्य बैठक में मौजूद रहे। संगठन ने प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए बजट में पेंशनर्स को तीन फीसदी डीए की किस्त पर भी सवालिया निशान लगाए। ब्लॉक अध्यक्ष एमएल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बजट में उन्हें तीन फीसदी डीए की किस्त देने का ऐलान किया गया है, जबकि पेंशनर्स की केवल मात्र इतनी ही देनदारी सरकार की तरफ नहीं है। इस किश्त के जारी करने के बाद भी सरकार की तरफ पेंशनर्स के कई जायज वित्तीय लाभ पेंडिंग चल रहे हैं। इसके साथ ही साल 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के तमाम वित्तीय लाभ को लेकर भी प्रदेश की सरकार को गंभीरता से सोचना होगा, इस वर्ग के पूर्व कर्मचारियों का हर वित्तीय लाभ प्रदेश सरकार के पास पेंडिंग पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के सत्ता में आने के बाद से लेकर आज दिन तक मेडिकल बिलों का भुगतान तो दुर्लभ हो चुका है। इन परिस्थितियों में बुजुर्ग पेंशनरों को अपना इलाज करवाना भी मुश्किल हो चुका है।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार अब भी इस मामले पर गंभीर नहीं हुई तो प्रदेश इकाई के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ हल्ला बोल करने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव विजय शारदा, कोषाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, उपाध्यक्ष राम कुमार कौशल, संगठन सचिव राज कुमार, प्रेस सचिव अशोक धीमान व चीफ एडवाइजर केपी सूद सहित अन्य उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

तकसीम और निशानदेही के मामलों का त्वरित निपटारा किया जा रहा सुनिश्चित : अपूर्व देवगन

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

मंडी: उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण विकास कार्यालय के सभागार में राजस्व विभाग से जुड़े मामलों की समीक्षा करने के लिए राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने एक-एक कर जिला की सभी तहसीलों और उपतहसीलों में तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों द्वारा पिछले माह निपटाए गए तकसीम हुक्मी और खानगी, निशानदेही, अतिक्रमण, राजस्व प्रविष्टियों में सुधार तथा एग्जीक्यूशन ऑफ वारंट के मामलों में हुई प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि आम लोगों से सीधे जुड़े हुए इन मामलों का समयबद्ध तरीके से निपटारा होना बहुत जरूरी है ताकि आम जनमानस को राहत प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि तकसीम और निशानदेही के मामलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें। उन्होंने कहा कि मामलों की देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी ताकि मामलों के निपटारे में अनावश्यक विलंब न हो और मामलों का निपटारा करने में गति बनी रहे। उपायुक्त ने राजस्व अधिकारियों को एक वर्ष पुराने मामलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करने के आदेश देते हुए कहा कि संबंधित मामलों को समय से निपटाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें। उन्होंने संबंधित उपमण्डलाधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को पटवारियों व फील्ड कानूनगो से बेहतर समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया ताकि लंबित मामलों का निपटारा करने में गति मिले। उन्होंने अधिकारियों से जिले में निमार्णाधीन पटवार भवनों की जानकारी भी प्राप्त की तथा इन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मुहालों में पटवार भवन नहीं बने हैं उनके लिए जमीन ढूंढने का प्रयास करें। उन्होंने लंबित जमाबंदियों को भी पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ मदन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी हरीश शर्मा, समस्त उपमंडलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

मंडी : विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर आज सिविल अस्पताल पधर में एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ठाकुर ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को टीबी मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई।

खंड चिकित्सा अधिकारी पधर डॉ. संजय गुप्ता ने क्षय रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टीबी का इलाज सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों में निशुल्क किया जाता है और इसमें टीबी के रोगी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक हजार और 1500 रु पोषण सहायता के रूप में दिए जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी व्यक्ति को दो हफ्तों से ज्यादा खांसी होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में बलगम की निःशुल्क जांच जरूर करवाएं और टीबी की पुष्टि होने पर पूरा इलाज करवाएं।

सेहली पाठशाला के शिक्षक, छात्र पहुंचे फोटो गैलरी, किया हिमाचल दर्शन, बोले अद्भुत है यह संग्रहालय

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

मंडी: राजकीय उच्च पाठशाला के 19 विद्यार्थी , 13 शिक्षक व अन्य कर्मचारी रविवार को हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी बिंदरावणी पहुंचे। इन्होंने हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का भ्रमण करते हुए समूचे हिमाचल को एक ही छत के देखा। इन विद्यार्थियों व शिक्षकों ने अपने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी में हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, लोक जीवन, कुदरती सौंदर्य, विकास, कला, मेले, उत्सवों, प्राचीन मंदिरों, किलों, स्मारकों, वेशभूषा एवं दूरदराज के ऐसे क्षेत्रों जिनके बारे में उन्हें अब तक जानकारी नहीं थी को बड़ी ही जिज्ञासापूर्वक व उत्साह के साथ देखा व उसके बारे में गैलरी में मौजूद अटेंडैंट आरती चौधरी से जानकारी ली। इन विद्यार्थियों व शिक्षकों ने गैलरी परिसर में प्राचीन वस्तुओं पर आधारित म्युजिम में भी बेहद दिलचस्पी दिखाई जिसमें वह सब कुछ रखा गया है जो पूर्व में दिनचर्या का हिस्सा हुआ करते थे। यही नहीं गैलरी परिसर में विशेष आकर्षण पैदा करने वाले बरसेलों को भी अत्याधिक दिलचस्पी के साथ इन्होंने देखा व कहा कि वह यहां पर बार बार आना चाहेंगे व औरों को भी इस बारे में जानकारी देंगे कि यदि हिमाचल के बारे में सब कुछ जानना हो तो इसे यहां आकर कुछ ही पलों पर जाना जा सकता है।

इनका कहना था कि यह संग्रहालय अद्भुत है और इस तरह के संग्रहालय हर जिला मुख्यालय पर होने चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी व शोधार्थियों के लिए पूरी जानकारी मिल सके। सरकार व प्रशासन को इस तरह के कार्यों के लिए प्रोत्साहन देना चाहिए ताकि हमारा इतिहास संरक्षित रह सके। इन विद्यार्थियों व शिक्षकों ने गैलरी के संस्थापक व पुरातत्व चेतना संघ के अध्यक्ष प्रख्यात छायाकार बीरबल शर्मा जिन्हें प्रदेश सरकार हिमाचल गौरव के सम्मान से सम्मानित कर चुकी है, के प्रयासों के सराहना की। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने कहा कि संस्थापक व छायाकार जिन्होंने जिंदगी भर प्रदेश के कोने कोने में घूमने के बाद किए गए संग्रह पर आधारित इस संग्रहालय को स्थापित किया है के लिए साधुवाद दिया तथा कहा कि ऐसे उदाहरण बहुत कम मिलते हैं जहां पर पिछले 28 सालों से एक महत्वपूर्ण जगह पर एक ही जगह पर पूरे प्रदेश को दिखाया जा रहा हो।

नगर परिषद नाहन की बैठक में अतिक्रमण पर कार्रवाई के लिए बनी विशेष टीम

नाहन/टीम एक्शन इंडिया

नगर परिषद नाहन के सदन की बैठक आज नप अध्यक्षा श्यामा पुंडीर की अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक में शहर में बढ़ते अतिक्रमण कार्यों पर कार्रवाई करने के लिए विशेष टीम का जहां गठन किया गया, तो वहीं मुख्य बाजारों में संकरी होती सड़कों पर भी शिकंजा कसने के लिए कहा गया है। इसके अलावा शहर में भी बेतरतीब पार्किंग सड़कों पर खड़े होने वाले वाहनों पर भी शिकंजा कसने के लिए रणनीति तैयार की गई है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजय गर्ग ने बताया कि शहर के मुख्य मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण को हटाने के लिए टीम का गठन किया जा रहा है ।

पीएनबी प्रशिक्षण संस्थान में मनाया विश्व क्षय रोग दिवस

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

ऊना : नेहरू युवा केंद्र ऊना द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना में विश्व क्षय रोग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी उपस्थिति रहीं। नेहरू युवा केंद्र ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रवक्ता एवं अधिवक्ता शाम दुलारी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों से क्षय रोग से संबंधित जानकारी साझा की तथा महिला कानून के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। क्षेत्रीय चिकित्सालय ऊना से जिला समन्वयक गुलशन कुमार द्वारा प्रतिभागियों से क्षय रोग से जुड़े हुए इतिहास एवं इससे रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की गई।

इस मौके पर पीएनबी आरटी ऊना से कार्यक्रम संचालक एवं संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज, आशीष कुमार, जसवीर ठाकुर सोनभद्र की जिला अध्यक्ष मीना ठाकुर, गुहाटी से मास्टर ट्रेनर अचिकेत सहित 100 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

नलवाड़ी मेले के मुख्य आकर्षण छिंज में बाहरी पहलवानों की बल्ले बल्ले

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर: नलवाड़ी मेले के तहत आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं की घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों से आए पहलवानों ने दमखम दिखाया। बिलासपुर कुमार वर्ग में अंकुश श्री नयना देवी जी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21,000 रुपये का पहला पुरस्कार जीता। पीयूष को 15,000 रुपये, शौर्य चैहान को 11,000 रुपये और अख्तर मोहम्मद को 9,000 रुपये का इनाम मिला। हिम बाला वर्ग में खुशी ने शानदार कुश्ती खेलते हुए 21,000 रुपये की इनामी राशि प्राप्त की। कनिका को 15,000 रुपये, अनीता को 11,000 रुपये और मुस्कान को 9,000 रुपये का इनाम दिया गया। हिम कुमार वर्ग में अर्शदीप ने दमदार प्रदर्शन के साथ 51,000 रुपये की इनामी राशि जीती। सुमित को 31,000 रुपये, भारत भूषण को 21,000 रुपये, और शौर्य वीर को 15,000 रुपये से सम्मानित किया गया। सामान्य महिला कुश्ती श्रेणी में काजल ने बाजी मारी और 51,000 रुपये का इनाम जीता। सोनिका (हरियाणा) को 37,000 रुपये, चंचल (हरियाणा) को 16,000 रुपये, और सोनिका (बिलासपुर) को 13,000 रुपये की इनामी राशि दी गई। नलवाड़ी मेले की सबसे प्रतिष्ठित कुश्ती प्रतियोगिता में सद्दाम हुसैन ने जबरदस्त प्रदर्शन कर 1,01,000 रुपये की इनामी राशि जीती।

विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
हामिद

चंबा : विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष में बचत भवन चंबा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में अहम योगदान देने वाली ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा आशा कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि जिला चंबा में

स्वास्थ्य विभाग पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं तथा जमीन स्तर पर कार्य कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों तथा आशा कार्यकताओं के सहयोग से क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है जिसके परिणाम स्वरूप जिला जिला चंबा में 7 दिसंबर 2024 से 17 मार्च 2025 तक चलाए गए 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान प्रत्येक चिकित्सा खंड में टीबी रोग से संबंधित संवेदनशील आवादी की गहन जांच की गई तथा इस बारे में लोगों को जागरुक भी किया। उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि वे टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार प्रदान करने के लिए निक्षय मित्र योजना में ज्यादा से ज्यादा भागीदार बने ताकि सही उपचार तथा पौष्टिक आहार के द्वारा टीबी मुक्त अभियान के शत-प्रतिशत लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने पंचायत प्रतिनिधियों व स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वारे भी अपील की।

उन्होंने कहा कि नशे का बढ़ता प्रचलन शहरों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपने पांव पसार रहा है, जिसकी रोकथाम के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों को भी अपना योगदान देना होगा। इसे पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बिपन ठाकुर ने मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कर्मियों तथा मीडिया कर्मियों का स्वागत किया तथा आयोजन के उद्देश्य के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही समय पर जांच व इलाज के द्वारा टीबी रोग का उपचार संभव है उन्होंने मीडिया सहित उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे अपने स्तर पर भी टीबी रोग बारे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें ताकि सरकार के निदेर्शानुसार वर्ष 2025 के अंत तक जिला चंबा को भी पूर्णतया टीबी रोग मुक्त बनाया जा सके।

HIMACHAL PRADESH
RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT
SHORT TERM TENDER NOTICE

Sealed item rate tenders on behalf of the Governor of Himachal Pradesh on form PWD 6 & 8 are hereby invited by the Executive Engineer, Rural Development Department Mandi Distt. Mandi (H.P.) for the following work from the approved /eligible contractors/ firms enlisted in Public works Department of Himachal Pradesh, so as to reach in this office on or before 02.04.2025 up to 11.00 AM and will be opened on the same day at 11:30 AM in the presence of intending contractors / firms or their authorized representative. The tender form can be had from office of undersigned on or before 01.04.2025 up to 3.00 PM by paying fee of tender form in shape of Demand Draft Rs 350.00 payable in favour of EE RDD Mandi. The earnest money in the shape of National Saving Certificate / Time Deposit Accounts & Post Office Saving Accounts on any of post office in Himachal Pradesh duly pledged in the name of Executive Engineer Rural Dev. Deptt. Mandi must accompany with each tender. The tender of the contractor who don't deposit the earnest money in the prescribed manner shall be summarily rejected. The income tax, sale tax, labourcess & other taxes as levied by the Government will be borne by the contractor. Conditional tenders / tenders without earnest money will summarily rejected. The Executive Engineer reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reasons.

S. No.	Name of Work	Estt. Cost. (in Rs)	Earnest Money (in RS)	Cost of tender Form (in Rs)	Time Limit
1	Construction of Govt. Primary School Building (GPS) Sardhar, Education Block Rewalsar, Distt. Mandi, H.P(SH:- Excavation, form work and RCC work etc.	499497-00	10000.00	350.00	Two Months
2	Construction of Govt. Primary School Building (GPS) Sardhar, Education Block Rewalsar, Distt. Mandi, H.P(SH:- RCC Masonary, form work and RCC work etc.	499335-00	10000.00	350	Two Months

TERMS & CONDITIONS: -

1. Certificate of registration in appropriate wing of HPPWD/ class and latest renewal thereof.
2. Contractor/firm should be registered for income tax and GST, copy of PAN, EPF and GSTIN should be enclosed.
3. Drawing / specifications can be seen in the office of the Executive Engineer RDD Mandi on any working day between 11.00 AM to 4.00 PM.
4. The intending contractors / firms are requested to inspect the site of work before submitting the tender.
5. The offer shall remain valid up to 35 days after the opening of the tenders.
6. If date of opening happens to be local / gazette holiday, the same shall be opened on next working day.
7. No subletting of work shall be allowed.
8. Contractor/firm enlisted in a particular class shall be eligible to tender for his own class and one Step below.

Executive Engineer,
Rural Development Department
Mandi, Distt. Mandi (H.P)

RO No. 6057/2024-2025

हवाई उड़ान की सुरक्षा को लेक मंडलायुक्त ने अधिकारियों की ली बैठक

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बालाः हवाई उड़ान की सुरक्षा के दृष्टिगत अम्बाला मण्डलायुक्त अंशज सिंह एयरफोर्स तथा जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मण्डलायुक्त अंशज सिंह इस विषय बारे उपायुक्त कार्यालय में हवाई क्षेत्र समिति के तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त कार्यालय में पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मंडलायुक्त को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

इस मौके पर एयरफोर्स स्टेशन से आए अधिकारी ज्योत्सना चिकारा ने बैठक के दौरान समिति के सदस्यों को अवगत करवाया कि पंजोखरा साहिब गांव स्थित एसडब्ल्यूएम प्लांट के पास विभिन्न एजेन्सियों द्वारा अवैध रूप से कूड़ा करकर्ट गिराए जाने बारे, गांव धूलकोट के नजदीक सिंचाई विभाग की ड्रैनों की सफाई न होने के चलते व उसमें कू ड़ा-करकर्ट गिराए जाने बारे तथा एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक उचे पेड़ों की छटनी से सम्बधिंत समस्याओं बारे अवगत करवाया। उन्होनें कहा कि इन क्षेत्रों में कू ड़ा-करकर्ट गिरने से पक्षी यहां पर आकर बैठ जाते है, जिसके चलते कई बार हवाई जहाजों के उड़ान व उतरने के दौरान इंजन से टकराने की सम्भावना रहती है, जोकि सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं है।

मंडलायुक्त अंशज सिंह ने इन सभी विषयों बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए सम्बधिंत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने गांव पंजोखरा साहिब स्थित एसडब्ल्यूएम प्लांट के पास विभिन्न एजेन्सियों द्वारा अवैध रूप से कूड़ा करकर्ट गिराए जाने बारे विषय पर डीडीपीओ से जानकारी हासिल करते हुए कहा कि यहां पर अवैध रूप से कूड़ा करकर्ट नहीं गिरना चाहिए। नगर निगम या सम्बधिंत विभाग इस बात का ध्यान रखे, इसके साथ-साथ धूलकोट के नजदीक जो ड्रैनें है उनकी सिंचाई विभाग बेहतर तरीके से सफाई करवाना सुनिश्चित करें, वहां से गाद निकलवाना सुनिश्चित करें और नगर निगम भी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी दुकानदार या अन्य वहां पर ड्रैनों में कूड़ा-करकर्ट न गिराए। उन्होनें कहा कि जब ड्रैन की सफाई का कार्य किया जाए तो उस समय एयरफोर्स के अधिकारियों की मौजूदगी में कार्य करवाएं और इस कार्य हेतू उनकी संतुष्टि भी लें। उन्होनें कहा कि इस पूरे कार्य की एसडीएम भी रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। एयरफोर्स स्टेशन क्षेत्र में जो पेड़ उचे है उनकी छटनी का कार्य कैन्टोनमेंट बोर्ड के माध्यम से एयरफोर्स अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद् के तहत यदि कोई उनका क्षेत्र आता है तो उस कार्य को वे करवाएं। उन्होंने कहा कि हवाई उड़ान की सुरक्षा के तहत इन सभी कार्यो को बेहतर समन्वय के साथ करें।

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एयरफोर्स से ज्योत्सना चिकारा, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, डीएफओ राजेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र शर्मा, कार्यकारी अभियन्ता सिंचाई विभाग कृष्ण भुक्कल के साथ-साथ अन्य सम्बधिंत अधिकारीगण मौजूद रहें।

हकेवि में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन की हुई शुरूआत

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में भारत में बुजुर्गों के कल्याण पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन की सोमवार 24 मार्च को शुरूआत हुई। विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग, राजनीति विज्ञान विभाग व विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ एवं शोधार्थी प्रतिभागिता कर रहे हैं।

भारत में बुजुर्गों का कल्याण, भारत की दृष्टि एट 2047 में योगदान विषय पर केंद्रित यह दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने की। कुलपति ने बुजुर्गों की देखभाल की आवश्यकता और भारत की दृष्टि एट 2047 में उनके योगदान पर जोर दिया तथा अन्य देशों में बुजुर्गों के कल्याण की तुलना की। सम्मेलन की शुरूआत में विश्वविद्यालय की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता प्रो. पायल चंदेल ने अपने स्वागत भाषण में आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने समाज में बुजुर्गों के कल्याण के महत्व को रेखांकित किया।

तत्पश्चात आयोजन के सह-संयोजक एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार सिंह ने कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (एनआईएमएचएएनएस) में मनोवैज्ञानिक सहायता आपदा प्रबंधन विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाषिस भद्र ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बुढ़ापा केवल उम्र बढ़ने का परिणाम नहीं है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से भी संबंधित है। उद्घाटन सत्र के अंत में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

सम्मेलन में उद्घाटन सत्र में बाद आयोजित सत्रों में प्रो. सुभाषिस भद्र ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश (2013) में बुजुर्गों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाओं के महत्व पर किए गए शोध का उल्लेख किया।

मतदाता सूची की रिविजन का शैडयूल जारीः नेहा सिंह

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के वर्ष 2025 में होने वाले उपचुनाव को लेकर मतदाता सूचियों की रिविजन का शैडयूल जारी कर दिया गया है। इस शैडयूल के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 मई 2025 को किया जाएगा।

उपायुक्त नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा है कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग पंचकुला द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायतों की हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 163 के नियम 8 व हरियाणा पंचायती राज नियमावली 1994 के नियम 212 के उपनियम 1 के तहत मतदाता सूची का रिविजन प्रोग्राम जारी किया गया है। इस प्रोग्राम के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची जिसका अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया गया है, के साथ मिलान आगामी शैडयूल के अनुसार किया जाना है। उन्होंने कहा कि वार्ड वाइज मतदाता सूची का ड्राफ्ट का कार्य 25 मार्च 2025 से लेकर 5 अप्रैल 2025 तक जारी रहेगा। इसके अलावा 11 अप्रैल को वार्ड वाइज मतदाता सूची के लिए दावें व आपत्तियां आमंत्रित की जाएगी, 18 अप्रैल 2025 तक दावें व आपत्तियां दर्ज करवाने की अंतिम तिथि होगी, 22 अप्रैल 2025 को जिला अधिकारी के समक्ष दावें व आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तारिख होगी। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को उपायुक्त के समक्ष अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि होगी तथा 6 मई को अपीलों पर सुनवाई करने की अंतिम तिथि होगी। इसके उपरांत 13 मई को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

नेचर इंडेक्स में हकेंवि अग्रणी संस्थान के रूप में उभरा

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित जर्नल नेचर द्वारा जारी नेचर इंडेक्स में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) सहित विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ अनुसंधान में अग्रणी स्थान प्राप्त हुआ है। उच्च गुणवत्ता वाले शोध आउटपुट के मोर्चे पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को 94वां स्थान प्राप्त हुआ है जबकि बीते वर्ष 2023 में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को 152वां स्थान प्राप्त हुआ था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने वर्ष 2024 के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा की गई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षा, शोध व नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की स्थिति को बेहतर करने के निरंतर प्रयासों में विश्वविद्यालय सहभागियों की प्रतिबद्धता की सराहना की और इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के शोधकताओं और संकाय सदस्यों को समर्पित किया।

यहां बता दें कि नेचर जर्नल द्वारा प्राकृतिक विज्ञान और स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्रों से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोध पत्रिकाओं से प्रकाशनों का चयन करके अनुसंधान नेतृत्व रैंकिंग निर्धारित की जाती है। पत्रिकाओं का चयन उनके क्षेत्रों के अग्रणी वैज्ञानिकों के एक स्वतंत्र पैनल द्वारा प्रतिष्ठा के आधार पर किया जाता है। भारतीय विज्ञान संस्थान हिस्सेदारी के मामले में पहले स्थान पर रहा। हकेवि के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के उपनिदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए निरंतर अनुसंधान के मोर्चे पर कार्य कर रहा है। साथ ही साथ विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उल्लेखनीय उन्नति की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हकेवि न केवल राज्य में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक शोध के क्षेत्र में विश्वविद्यालय कुलपति के नेतृत्व व मार्गदर्शन में उल्लेखीय परिणाम ला रहा है और यह उपलब्धि इसी बात का प्रमाण है।

पौष्टिक आहार के विषय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सोमवार को प्रसार कार्यकताओं के लिए परिसर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने कहा की छोटे बच्चों को कुपोषण बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित करता है तथा इसके कारण उनकी रोग प्रतिरोध क्षमता कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि आज इस बात की जरुरत है कि हम ऐसी फसलों का चयन करें, जो कम लगत में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के साथ-साथ आय के स्रोत में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। मोटे अनाज में बाजरा इस समस्या के लिए बेहतरीन विक्लप है।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. पूनम यादव ने बाजरा बिस्कुट बनाने के विधि का प्रदर्शन किया तथा बाजरा से बनने वाले पौष्टिक आहारों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण में 40 आंगनबाड़ी कार्यकताओं तथा सुपरवाइजर अनीता यादव, सुनीता कुमारी, सुमन बाला, शिवानी, दर्शाना, किरण व सीमा उपस्थित रही।

डीसी कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बालाः
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर की अध्यक्षता एसडीएम दर्शन कुमार ने करते हुए लोगो की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उनका समाधान किया। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि आमजन की समस्याओ का त्वरित समाधान करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार जिलें मे जिलास्तर एवं उपमंण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस मे सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। बतां दे कि इस दौरान समाधान शिविर मे कुल 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इस मौके पर डीएसपी विजय कुमार, नगर निगम से शेरसिंह, खादय एवं आपूर्ति विभाग से

हयूमन वेल्फेयर सोसाइटी के खिलाफ दिल्ली जंतर मंतर पर 25 मार्च को होगाः पीपी कपूर

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)

जमाकर्ताओं के हजारों करोड़ों रुपये लेकर भागने वाली हयूमन वेल्फेयर सोसाइटी के मालिकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली जंतर मंतर पर 25 मार्च के प्रदर्शन मे जमा कर्ता व एजेंट बढ़ चढ़ कर शामिल होंगे । यह फैसला समालखा मे जमाकताओं व एजेंटों की मीटिंग मे हुआ । आर टी आई एक्टिविस्ट कॉमरेड पी पी कपूर ने बताया कि कम्पनी के हरियाणा प्रभारी सहित मालिक सभी ठगों की गिरफ्तारी व जमा कताओं का रुपया वापिस दिलवाने तक संघर्ष किया जायेगा।

आरोप लगाया कि पुलिस बेकसूर छोटे एजेंटों को गिरफ्तारी का डर दिखा कर परेशान कर रही है , कई निर्दोष छोटे एजेंटो को जेलों मे भी डाल दिया है । जबकि जमा कताओं के हजारों करोड़ ठग कर भाग जाने वाले सोसाइटी मालिक समीर अग्रवाल व हरियाणा प्रभारी बिजेंद्र रोहल के खिलाफ ठगी,जालसाजी, घपले की दर्जनों एफआईआर दर्ज होने के बावजूद दोषी खुले आम घूम रहे हैं । इस मामले को लेकर प्रदेश के हजारों पीड़ित लोग गत 5 सितंबर को कुरुक्षेत्र मे प्रदर्शन करके मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी को भी मांग पत्र दे चुके हैं । लेकिन कोई सुनवाई न होने पर अब इसी मुद्दे को लेकर दिल्ली जंतर मंतर पर हरियाणा सहित कई प्रदेशों मे हयूमन सोसाइटी के हाथों लुटे पिटे जमा कर्ता व एजेंट 25 मार्च को प्रदर्शन करेंगे ।

यह है मामलाः भारत सरकार के कृषि मंत्रालय व सहकारिता मंत्रालय से रजिस्टर्ड हयूमन वेल्फेयर क्रेडिट एन्ड क्रिफ्ट को आपरेटिव सोसाइटी पिछले करीब दस वर्षो से प्रदेश मे सक्रिय थी । एजेंटों के मार्फत सोसाइटी मे लाखों गरीब जमा कताओं ने विभिन्न स्कीमों मे खाते खुलवा कर अपनी बचत का हजारों करोड़ रुपया जमा करवा दिया । लेकिन करीब चार महीने पहले कम्पनी सभी दफ्तरों को बंद कर भाग गई तो लोगों को ठगे जाने का पता चला ।

मुख्य मांगेंः- हजारों करोड़ के इस घोटाले मे प्रदेश लेवल पर सीनियर आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व मे एसआईटी गठित करके कारवाई की जाए ।हयूमन वेल्फेयर सोसाइटी के हरियाणा प्रभारी बिजेंद्र रोहल व लखनऊ निवासी इस सोसाइटी के मालिक समीर अग्रवाल सहित सभी दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए । जमा कताओं का रुपया वापिस कराया जाए ।निर्दोष सभी एजेंटो का पुलिस उत्पीड़न बंद किया जाए । आज मीटिंग मे मोहम्मद हाशिम, मंजीत,पवन सैनी, सुभाष सैनी,प्रिंस,सुशील जाखोली,हरकेश,रवि दतौली,संजय,राकेश,संजय वर्मा,विकास पँवार,ईश्वर सिंह आदि शामिल हुए ।

नेफ्था क्रैकर में ऑन-साइट सह ऑफ-साइट आपदा ड्रिल का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , (कमाल हुसैन)

विभिन्न आपातकालीन समन्वयकों, जिला प्रशासन और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के पानीपत नेफ्था क्रैकर प्लांट में ऑनसाइट-सह-ऑफसाइट आपदा राहत पूर्वाभ्यास (ड्रिल) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस ड्रिल के परिदृश्य में क्लोरीन टोनर के बॉडी से क्लोरीन रिसाव को दशार्या गया । रिसाव का पता आज सुबह 11:57 बजे चला और इसे नियंत्रित करने के प्रयास किए गए। फायर अलार्म बजते ही दमकल गाड़ियाँ साइट पर पहुँची और गैस के रिसाव को रोकने के लिए श्वास यंत्र पहन कर वाटर स्प्रे हवा की दिशा में लगाए गए। इसके अलावा तुरंत स्क्रबर प्रणाली चालू हो गई। घटना स्थल के पास सड़क पर सभी यातायात को रोक दिया गया और आसपास के लोगों को सतर्क करने के लिए घोषणा की गई। इस रिसाव से सुचारू रूप से नियंत्रण पाने के लिए आपसी सहायता भागीदारों को भी सहायता के लिए बुलाया गया। बाल जट्टन गांव से लोगों को निकालकर पुनर्वास केंद्र में पहुंचाया गया। चूंकि क्लोरीन के रिसाव को नियंत्रित करना आवश्यक था ताकि आसपास के गांव प्रभावित न हो सकें अतः सुबह 12:26 बजे लेवल-3 इमरजेंसी घोषित किया गया।

एम्बुलेंस और चिकित्सा सहायता तुरंत प्रदान की गई। गाँव के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। स्थिति के नियंत्रण में आते ही जिला प्रशासन की सहमति से 13:10 बजे इसके सामान्य होने की घोषणा की गई। पानीपत जिला प्रशासन की ओर से इस ड्रिल में श्री विनीत कादियान, जिला परियोजना अधिकारी आपदा प्रबंधन ने भाग लिया। इसके अलावा पानीपत जिला फायर सर्विस, एनएफएल की फायर सर्विस, पीटीपीएस की फायर सर्विस ने अपना फायर टेंडर व अधिकारियों के साथ एक-एक टीम के साथ इस अभ्यास मे भाग लिया। सिविल हॉस्पिटल जिला पानीपत द्वारा एंबुलेंस व अधिकारियों के साथ उनकी टीम ने समय पर पहुंचकर आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की। ड्रिल के बाद सम्मेलन-कक्ष में एक डी-ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जहां आपातकालीन तैयारी योजना में और सुधार के लिए अवलोकनों की समीक्षा श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने की। विनीत कादियान ने एक बेहद पेशेवर तरीके एवं पूर्ण कुशलता से आयोजित उद्देश्यपूर्ण और सफल ड्रिल के लिए टीम पीआरपीसी को बधाई दी।

वीटा मिल्क प्लांट के स्थानांतरण को लेकर बैठक आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बालाः उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीटा मिल्क प्लांट अंबाला शहर के स्थानांतरण के दृष्टिगत अपने कार्यालय मे आयोजित सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए वीटा मिल्क प्लांट स्थानांतरित करने को लेकर किए गए कार्यो की समीक्षा की और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने वीटा मिल्ट प्लांट अंबाला शहर को स्थानांतरित करने को लेकर सम्बंधित अधिकारियों से भूमि का चयन के साथ जो अन्य औपचारिकताएं एवं अन्य जो कार्य किए जाने है उनकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य से जुडे सम्बंधित विभाग बेहतर समन्वय के साथ तमाम औपचारिकताएं पुरी करते हुए इस कार्य में तेजी लाए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह, एसडीएम दर्शन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी विकास, वीटा से राकेश कुमार व मिनाक्षी के साथ-साथ अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहें।

380 लाभार्थियों ने पीएमएवाई-2 योजना के जोड़ने के लिए दस्तावेज करवाए जमा

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। शहर में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को जल्द ही प्लाट में मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपए मिलेंगे। इसके लिए नगर पालिका इस योजना के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना पीएमएवाई-2 योजना के जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसको लेकर नपा कर्मचारी व अधिकारी हर रोज लाभार्थियों को कार्यालय में बुलाकर पोर्टल पर उनका आवेदन कर रहे हैं। नगर पालिका के अंतर्गत शहर में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के 438 लाभार्थी है। इन लाभार्थियों को नपा प्रशासन 30-30 गज के प्लाट आवंटित करने के लिए आवंटन पत्र भी दे चुका है। सरकार के आदेश पर लाभार्थियों का फिजिकल वेरिफिकेशन भी किया जा रहा है। अब हाल ही में सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए उन्हें पीएमएवाई-2 योजना से जोड़ने का भी निर्णय लिया है। इसके तहत लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपए मिलेंगे। इसी के तहत अब नपा अधिकारियों ने लाभार्थियों को कार्यालय में बुलाकर उनके पोर्टल पर आवेदन शुरू कर दिया है। इसके लिए लाभार्थियों से दस्तावेज के साथ प्लाट का आवंटन पत्र, परिवार पहचान पत्र, बैंक पास बुक, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, इनकम सर्टिफिकेट देखने के अलावा आय का वेरिफिकेशन भी कर रहे हैं। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद लाभार्थियों को तीन चरणों में ढाई लाख रुपए मिलेंगे। प्रथम चरण में लाभार्थी को एक लाख, दूसरे चरण में एक लाख व तीसरे चरण में पचास हजार रुपये सरकार की तरफ से मिलेंगे। सभी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद लाभार्थियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिससे उन्हें योजना का लाभ मिल सके और वे अपने आवंटित प्लॉट पर पक्का मकान बना सकेंगे।

380 लाभार्थियों की हुई वेरिफिकेशन

नपा की ओर से योजना का लाभ देने के लिए 380 लाभार्थी का वेरिफिकेशन किया जा चुका हैं। वेरिफिकेशन में नपा टीम के कर्मचारी लाभार्थी के घर पर जाकर हर पहलु की जांच कर रहीं हैं। टीम द्वारा जांच करने पर अभी तक 150 लाभार्थी की फाइल रिजेक्ट की जा चुकी हैं। इन लाभार्थी का या तो खुद का मकान है या फिर खुद का प्लाट हैं।

31 मार्च तक जमा करवाए दस्तावेज

सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का अमलीजामा पहनाने के लिए नपा की ओर से कार्यालय में लाभार्थी का दस्तावेज जमा किए जा रहें हैं। लाभार्थी 31 मार्च तक नगर पालिका कार्यालय में दस्तावेज जमा करवा सकते हैं।

संपादकीय

'रागनी' को लुप्त होने से बचाने की जरूरत

हरियाणा की लोक संस्कृति में रागनी महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम रही है, बल्कि सामाजिक संदेश देने, वीर रस जगाने और लोक इतिहास को संजोने का एक प्रभावशाली जरिया रही है। रागनी लोगों को बुराइयों के खिलाफ खड़ा करने का माध्यम भी रही है। इसके प्रचार-प्रसार में जाहरवीर कल्लू खां, अजीत सिंह गोरखपुरिया, दयाचंद लांबा, राजेंद्र खड़खड़ी, जसमेर खरकिया, सुरेंद्र भादू, सूरजभान बलाली, मामन खान, सतीश ठेठ, कविता कसाना के साथ-साथ और भी कई महान कलाकारों का योगदान रहा है। आज भी कई युवा कलाकार रागनी को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे डिजिटल मंचों के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। रागनी को जीवित रखने में संदीप सरगथलिया, वीर सिंह फौजी, धर्मवीर नागर, राजबाला, मास्टर छोटूराम बड़वा जैसे कई कलाकारों की महत्व पूर्ण भूमिका रही है। इनकी मेहनत और समर्पण से ही यह लोककला जीवित है, हालांकि इसे और संरक्षण और प्रोत्साहन की जरूरत है। संकट यह है कि आज यह धीरे-धीरे लुप्त हो रही है। रागनी हरियाणवी लोकगीतों और कविताओं का एक विशिष्ट रूप है, जिसे मुख्य रूप से हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गाया जाता है। इसमें वीरता, प्रेम, भक्ति, सामाजिक मुद्दों और ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण किया जाता है। पहले यह कला अखाड़ों और मेलों में बहुत लोकप्रिय थी, जहां गायक अपनी आवाज और जोश के साथ लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। रागनी के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और समानता पर जोर दिया गया। कई लोकप्रिय रागनियों में बाल विवाह, दहेज प्रथा और महिलाओं पर अत्याचारों का विरोध किया गया है। "बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ" जैसे संदेशों को रागनी ने जन-जन तक पहुंचाया। हरियाणवी समाज में जातिगत भेदभाव को खत्म करने और समानता का संदेश देने में रागनी की महती भूमिका रही है। कई प्रसिद्ध रागनियों का संदेश है कि सभी मनुष्य समान हैं और कर्म को जाति से ऊपर रखना चाहिए। रागनी के माध्यम से शराब, जुआ और अन्य नशों की लत से बचने के संदेश दिए गए। मसलन- "सुणले रे छोरे, बीड़ी-सिगरेट मत पीजा, तन्ने मां-बाप सूं किट्टे तै प्यारा..।" हरियाणा की ग्रामीण जनता के लिए रागनी ताकत रही है। इसमें किसानों की समस्याओं और मजदूरों के अधिकारों को आवाज दी गई है। ब्रिटिश राज के दौरान रागनी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रभावशाली हथियार बनी। लोकगायक अपनी रचनाओं के माध्यम से जनता में देशभक्ति की भावना भरते थे और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का आह्वान करते थे। आज के दौर में भी रागनी समाज सुधार का माध्यम बनी हुई है। डिजिटल मीडिया और मंचों पर युवा कलाकार सामाजिक मुद्दों पर रागनी प्रस्तुत कर रहे हैं। हरियाणवी लोक संस्कृति की पहचान रागनी समय के साथ लुप्त होती जा रही है। कभी चौपालों, मेलों और अखाड़ों में गूंजने वाली यह कला अब केवल कुछ पुराने कलाकारों और रसिकों तक सीमित रह गई है। इसके लुप्त होने के पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारण जिम्मेदार हैं।

महाभारत के पात्रों के जीवन से सीख: धर्म, न्याय, नैतिकता का संदेश

डॉ रामानुज पाठक

> "कर्ण, जो कि सूर्यपुत्र और अद्वितीय योद्धा था, उसे समाज ने सिर्फ.इसलिए अस्वीकार कर दिया क्योंकि वह एक रथी का पुत्र माना जाता था। अपनी पूरी जिंदगी वह अपनी पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करता रहा। जब उसे दुर्योधन ने मित्रता और संरक्षण दिया, तो उसने उस एहसान को आजीवन निभाया, भले ही वह अधर्म के पक्ष में ही क्यों न हो। कर्ण का जीवन हमें यह सिखाता है कि हमें किसी भी दुष्ट व्यक्ति से उपकार नहीं लेना चाहिए। जब दुर्योधन ने उसे दानवीर की संज्ञा दी और अंगराज बना दिया, तब कर्ण ने यह नहीं सोचा कि यह सहायता किसी स्वार्थवश की जा रही है। अंतत:, दुर्योधन का साथ देने के कारण उसे भी अधर्म की ओर जाना पड़ा और उसका अंत भी दुखद हुआ। कर्ण हमें यह भी सिखाता है कि अंधी निष्ठा कभी-कभी विनाश का कारण बन सकती है"

महाभारत सिर्फ.एक महाकाव्य नहीं, बल्कि जीवन का दर्पण है, जो हमें सही और गलत, धर्म और अधर्म, प्रेम और घृणा, त्याग और स्वार्थ के बीच के भेद को स्पष्ट करता है। इसके पात्र केवल कथा के चरित्र नहीं, बल्कि मानव स्वभाव के विभिन्न रूपों के प्रतीक हैं। उनकी त्रुटियाँ, उनके निर्णय और उनके कर्म हमें अमूल्य सीख देते हैं। महाभारत में हर पात्र का जीवन एक संदेश देता है। कुछ हमें त्याग और धर्म की राह पर चलना सिखाते हैं, तो कुछ हमें यह बताते हैं कि अहंकार और अधर्म का अंत सदा विनाश में ही होता है। इस आलेख में, हम महाभारत के कुछ प्रमुख पात्रों के जीवन से मिलने वाली शिक्षाओं का विश्लेषण करेंगे।

कर्ण: दुष्ट से कभी मत लो कोई दान
कर्ण, जो कि सूर्यपुत्र और अद्वितीय योद्धा था, उसे समाज ने सिर्फ.इसलिए अस्वीकार कर दिया क्योंकि वह एक रथी का पुत्र माना जाता था। अपनी पूरी जिंदगी वह अपनी पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करता रहा। जब उसे दुर्योधन ने मित्रता और संरक्षण दिया, तो उसने उस एहसान को आजीवन निभाया, भले ही वह अधर्म के पक्ष में ही क्यों न हो। कर्ण का जीवन हमें यह सिखाता है कि हमें किसी भी दुष्ट व्यक्ति से उपकार नहीं लेना चाहिए। जब दुर्योधन ने उसे दानवीर की संज्ञा दी और अंगराज बना दिया, तब कर्ण ने यह नहीं सोचा कि यह सहायता किसी स्वार्थवश की जा रही है। अंततः, दुर्योधन का साथ देने के कारण उसे भी अधर्म की ओर जाना पड़ा और उसका अंत भी दुखद हुआ। कर्ण हमें यह भी सिखाता है कि अंधी निष्ठा कभी-कभी विनाश का कारण बन सकती है।

धृतराष्ट्र: मोह में अंधे मत बनो
धृतराष्ट्र के जीवन की सबसे बड़ी त्रुटि उसका पुत्रमोह था। एक राजा के रूप में उसका कर्तव्य न्याय और धर्म की रक्षा करना था, लेकिन उसने हमेशा अपने पुत्र दुर्योधन के अधर्म को सही ठहराया। उसने अपनी आँखों की रोशनी खोई थी, लेकिन उससे बड़ी समस्या यह थी कि उसने मन से भी सत्य को देखने की क्षमता खो दी थी। धृतराष्ट्र हमें यह सिखाता है कि मोह,

विशेष रूप से पुत्रमोह, विवेक को नष्ट कर सकता है। यदि वह न्यायप्रिय होता और अपने पुत्र को समय रहते रोका होता, तो महाभारत का युद्ध ही न होता।

द्रौपदी: अनुचित स्थान पर हँसी अनर्थ को जन्म देती है
द्रौपदी एक नारी शक्ति का प्रतीक थी, लेकिन एक छोटी-सी गलती ने महाभारत के युद्ध की नींव रख दी। जब द्रौपदी ने दुर्योधन के महल में जल भ्रम की घटना पर हँसते हुए कहा– "अंधे का पुत्र भी अंधा," तो इसने दुर्योधन के अहंकार को ठेस पहुँचाई और उसने बदले की भावना पाल ली। इस घटना से यह शिक्षा मिलती है कि वाणी पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। कभी-कभी एक अनुचित स्थान पर किया गया व्यंग्य या हँसी बड़ी विपत्तियों को जन्म दे सकती है।

पांडु: वासना पर संयम रखो
पांडु को एक शाप मिला था कि यदि वह किसी स्त्री के साथ शारीरिक संबंध बनाएगा तो उसकी मृत्यु हो जाएगी। इसके बावजूद, वह अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण नहीं रख सका और अंततः उसी शाप के कारण उसकी मृत्यु हुई। पांडु का जीवन हमें यह सिखाता है कि वासना और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। जो व्यक्ति अपनी इच्छाओं का दास बन जाता है, वह अपने जीवन पर स्वयं नियंत्रण खो देता है और अंततः विनाश को प्राप्त करता है।

दुर्योधन: अनाधिकार हठ विनाश की ओर ले जाता है
दुर्योधन महाभारत का मुख्य प्रतिद्वंद्वी था। उसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि वह किसी भी चीज को पाने के लिए हठ कर लेता था, चाहे वह उसका अधिकार हो या न हो। उसने पांडवों का राज्य छीना, द्रौपदी का अपमान किया और अंततः अपने अहंकार के कारण विनाश को प्राप्त हुआ।

दुर्योधन हमें यह सिखाता है कि जब हम बिना अधिकार किसी चीज पर जबरदस्ती अपना हक जताते हैं, तो उसका परिणाम हमेशा बुरा ही होता है। अहंकार और अनावश्यक जिद हमेशा पतन का कारण बनती है।

भीष्म: अनुचित प्रतिज्ञाओं में मत बंधो
भीष्म पितामह ने अपने पिता के प्रेम के लिए आजीवन ब्रह्मचर्य का व्रत लिया और हस्तिनापुर की गद्दी पर बैठने से इंकार कर दिया। लेकिन यही प्रतिज्ञा अंततः हस्तिनापुर के पतन का कारण बनी। वह जानते थे कि दुर्योधन अधर्मी है, लेकिन अपनी प्रतिज्ञा के कारण उसे रोक नहीं सके।
भीष्म हमें यह सिखाते हैं कि प्रतिज्ञा या शपथ तभी तक सही होती है जब तक वह धर्म और न्याय का समर्थन करती है। अनुचित प्रतिज्ञाएँ व्यक्ति के साथ-साथ पूरे समाज के लिए घातक हो सकती हैं।

द्रोणाचार्य: अर्धसत्य पर भरोसा मत करो
द्रोणाचार्य अपने शिष्य अर्जुन को सबसे अधिक प्रिय मानते थे, लेकिन उन्होंने अपने अन्य शिष्यों के साथ अन्याय किया। जब युधिष्ठिर ने यह कहा कि "अश्वत्थामा मारा गया, लेकिन हाथी," तो द्रोणाचार्य ने केवल आधा सत्य सुना और शोक में आकर अपना अस्त्र छोड़ दिया। इससे हमें यह शिक्षा मिलती है कि अर्धसत्य हमेशा भ्रमित करता है और निर्णय लेने में बाधा उत्पन्न करता है। सत्य को पूरा जानना और समझना ही बुद्धिमानी होती है।

दुशासन: नारी का अपमान मत करो
दुशासन ने द्रौपदी का चीरहरण किया, जिसे महाभारत के युद्ध की मुख्य घटना माना जाता है। उसका यह अपमान न केवल उसके कुल का नाश कर गया, बल्कि उसे स्वयं भी मृत्यु का भयावह दृश्य देखना पड़ा।
दुशासन का जीवन हमें यह सिखाता है कि नारी का अपमान करना अधर्म है, और इसका परिणाम सदैव घातक होता है। इतिहास साक्षी है कि जिसने भी नारी का अपमान किया है, उसका अंत भयावह हुआ है।

निष्कर्ष
महाभारत के इन पात्रों की कहानियाँ केवल प्राचीन इतिहास नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन के लिए भी मार्गदर्शन हैं।
कर्ण हमें सिखाता है कि दुष्ट का उपकार विनाशकारी हो सकता है।
धृतराष्ट्र बताता है कि मोह विवेक का नाश करता है।
द्रौपदी हमें वाणी पर नियंत्रण रखना सिखाती है।
पांडु संयम का महत्व दशार्ते हैं।
दुर्योधन अनाधिकार हठ के दुष्परिणाम दिखाता है।
भीष्म अनुचित प्रतिज्ञाओं से बचने की सीख देता है।
द्रोणाचार्य अर्धसत्य के खतरों को उजागर करता है।
दुशासन स्त्री सम्मान की आवश्यकता बताता है।
महाभारत हमें यही सिखाता है कि धर्म का मार्ग कठिन अवश्य हो सकता है, लेकिन वही विजय की ओर ले जाता है।

कविता

मैं किनारे लहरों में डूबता उतरता
रहा।

चेहरे पर दर्द तस्वीर बन उभरता रहा,
दर्द बीमार की दवा बन संवरता रहा।

सफर में छोड़ रुखसत हो गए सब,
रातों का जुगनु बन टिमटिमाता रहा।

तनकर खड़ा होता तोड़ दिया जाता,
लताओं सा सबके सामने झुकता रहा।

जमाने में न जाने कितने रंग बदले,
बिखरा नहीं जमाना तंज कसता रहा।

सारा शहर रोशन होता रहा रात भर,
घर मेरे दिन में भी अंधेरा डसता रहा।

चतुर लोग आज कहां से कहां पहुंचे,
मैं जिंदगी को हौले-हौले गढ़ता रहा।

लोग नदिया पार गए कश्ती के सहारे,
मैं किनारे लहरों में डूबता उतरता रहा।

संजीव

अस्पतालों में बिना जरूरत के बढ़ते सीजेरियन*

प्रियंका सौरभ

क्या आपको मालूम है कि सिजेरियन डिलीवरी, या सी-सेक्शन, दुनिया में सबसे अधिक की जाने वाली सर्जरी है?
सीजेरियन सेक्शन बनाम नार्मल डिलीवरी का विषय काफी चर्चा में रहता है, खासकर तब जब इसका जरूरत से ज्यादा उपयोग होने लगे। कुछ लोग इसे एक "बिजनेस मॉडल" मानते हैं, तो कुछ इसे मेडिकल साइंस की उपलब्धि के रूप में देखते हैं। सीजेरियन सेक्शन एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जो तब की जाती है जब सामान्य (नार्मल) डिलीवरी संभव न हो या माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए जोखिम हो। लेकिन आजकल कई जगहों पर यह मेडिकल जरूरत से ज्यादा किया जा रहा है, खासकर निजी अस्पतालों में, जहाँ इसे जल्दी और सुविधाजनक समाधान के रूप में देखा जाता है। सीजेरियन अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन जब यह व्यावसायिक फायदे के लिए या बिना ठोस मेडिकल वजह के किया जाता है, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। सही जागरूकता और जिम्मेदारी से इसका उपयोग होना चाहिए। पिछले कुछ सालों में भारत सहित कई देशों में सीजेरियन की दर तेजी से बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, केवल 10-15% मामलों में सीजेरियन आवश्यक होता है, लेकिन कई देशों में यह दर 50% या उससे अधिक हो चुकी है। भारत में कई निजी अस्पतालों में यह दर 50-80% तक देखी गई है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के निजी अस्पतालों में सीजेरियन डिलीवरी की दर 40-50% तक पाई गई, जबकि सरकारी अस्पतालों में यह लगभग 20-25% थी। स्वास्थ्य बीमा योजना और जननी-शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसी योजनाओं में बिना आवश्यकता के मरीजों की सर्जरी कर दी जाती है, क्योंकि ऐसी योजनाओं में या तो प्रोत्साहन राशि मिलती है, या फिर बीमा कंपनी को लाभ होता है। इनमें सिजेरियन, हार्निया, गॉलब्लेडर, अपेंडिक्स आदि से सम्बंधित मामले अधिक हैं। यह दुखद है, क्योंकि ऐसे मामलों में सबसे ज्यादा शोषण गर्भवती महिलाओं का होता है। सीजेरियन डिलीवरी का खर्च सामान्य डिलीवरी से 2-5 गुना अधिक होता है, जिससे अस्पतालों को अधिक मुनाफा होता है। नार्मल डिलीवरी में घंटों का समय लग सकता है, जबकि सीजेरियन एक तय समय में पूरा किया जा सकता है, जिससे अस्पतालों और डॉक्टरों को कम समय में अधिक डिलीवरी करने का मौका मिलता है। कुछ डॉक्टर निजी अस्पतालों में अपनी सुविधा के अनुसार डिलीवरी शेड्यूल करना पसंद करते हैं।
कुछ महिलाओं को लेबर पेन का इतना डर होता है कि वे खुद सीजेरियन करवाने के लिए तैयार हो जाती हैं। कई बार मरीजों को डराकर यह बताया जाता है कि बच्चा खतरे में है, जिससे वे सीजेरियन के लिए मजबूर हो जाती हैं। कई मामलों में सीजेरियन जरूरी होता है, जैसेः बच्चे की पोज़िशन सही न हो, जैसे ब्रीच पोज़िशन।

विचार

'नायाब' कार्रवाई से मिटेगी संगीत की गंदगी

सुशील कुमार नवीन'

सुर्खियों में रहने वाला हरियाणा इस बार अलग तरह से चर्चा में है। बाते चाहे किसी भी तरह के आंदोलन की हो या राजनीतिक उठापटक की। हरियाणा का अपना अलग स्वैग है। जो और करे, वो हम न करे। जो और न करे, वो सबसे पहले हम करे। सप्ताह दो सप्ताह में यदि चर्चा का विषय न बने तो हरियाणा और हरियाणवीं होने का क्या फायदा? इस बार यू ट्यूब पर बिखरी पड़ी संगीत की गंदगी की सफाई की शुरूआत हरियाणा ने की है। गन कल्चर से जुड़े कुछ गानों को डिलीट करने से मामला संगीत उद्योग में गमार्या जरूर है पर निष्पक्षता बरती गई तो इसमें भी हरियाणा एक नया उदाहरण बनेगा। हरियाणा अपने आप में विशेष है। काम कोई भी हो, उसे सबसे पहले करने का काम यह करता है। वैट सबसे पहले यहां लागू हुआ, बेटी बचाओ अभियान सबसे पहले यहां शुरू हुआ। केंद्र की प्रत्येक योजना को लागू करने में तो हरियाणा सरकार अग्रणी की भूमिका में रहती ही है। चाहे बात अन्तोदय की हो या फिर आयुष्मान भारत की हो। या शिक्षा में त्रिभाषा फामूर्ला लागू करना हो। झंडा उठाने में सबसे पहले हरियाणा है। ओलम्पिक मेडल में हरियाणा बिना कुछ नहीं, राजनीति में पकड़ सबसे ज्यादा, जिंदाबाद-मुदार्बाद तो चाहे रात के 12 बजे करवा लो। सिर पर मंडासा मारकर तैयार मिलेंगे। फिल्मों, नाटकों में हरियाणवीं कलाकार या प्रसंगों की भरमार है। गीत-संगीत के तो क्या कहने। पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश,गुजरात से लेकर समूचे भारत वर्ष के साथ विदेशों में भी डीजे पर इनकी ही धमक है। हट ज्या ताऊ पाछे नै.. से एक नए कलेवर में आया हरियाणा संगीत आज गजबन, बावन गज का दामन, सॉलिड बॉडी, बालम थानेदार, नंगड़ से होता हुआ निक्कर आली, इगो किलर, डेथ रो, दारू का स्टाल, दारू बदनाम, लाश नहर में, रोला,गोली हेड में, खलनायक, टेडी बीयर का शौक नहीं, गिफ्ट में गन दे दे, बता किसकी फिल्डिंग लानी है, तेरा यार जमानत पर आया, एके 47 धरे संदूकां पे, सूटर ते बन गया तेरा यार माफिया, तन्न गिफ्ट में दूंगा 12 बोर की, तू क्यूकर बनगा दो नंबरी, तन्न ढूंढे पुलिस आले, एक खटोला जेल के भीतर, ट्यूशन बदमाशी, किसने सिखाई बदमाशी करनी, पीलिये में मामा पिस्तौल दे गया था, मैं जिस दिन जमानत पर बाहर आऊंगा, पिस्तौल से महंगा तेरा लहंगा लाऊंगा आदि तक पहुंच चुका है। देसा म्ह देस हरियाणा, जित दूध दही का खाणा' से विश्वभर में सम्मान प्राप्त हरियाणा में इस तरह के संगीत पिछले 10 से 15 वर्ष में ज्यादा बना है। पड़ोसी राज्य पंजाब में तो शुरू से ही गन कल्चर का चलन रहा है। मित्रां नूं शौक हथियारां दा..खूब चला था। सिद्धू मूसेवाला के कई गीत भी काफी चर्चा में रहे। पड़ोसी गायकों की संगति ने हरियाणा में भी असर दिखाया। हरियाणवी गायक और गीतकार भी इसी ट्रेंड पर एक बार ऐसा चलना शुरू हुए कि अब रुकने का ही नहीं नाम ले रहे। बात गानों तक ही सीमित रहे तो भी ठीक, पर यहां तो गानों के माध्यम से एक दूसरे को जवाब देने का नया ट्रेड ऐसा चला है कि शब्दों की मयार्दा और गरिमा खूंटी टांग दी गई है। थोड़ा सा ध्यान करें तो दर्जनों ऐसे हरियाणी गाने बनाए गए हैं, जिनमें हथियारों और बदमाशों को महिमामंडित किया गया है। प्रदेश का युवा वर्ग भी इन गानों को खूब पसंद कर रहा है। शादी हो या जलवा पूजन या कोई और समारोह इन गानों के बिना महफिल सजती ही नहीं है। दो महीने पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बैठक ली थी, जिसमें यह बात सामने आई कि हरियाणा में इस तरह के गाने लगातार बढ़ रहे हैं, जो गन कल्चर और गुंडागर्दी को को बढ़ावा देने वाले हैं। इससे युवा गन कल्चर की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री से मिले फ्री हैंड के बाद पुलिस ने इस तरह के गानों को सोशल साइट्स पर अपलोड करने वालों के खिलाफ सख्ती वढ़ा दी। खासकार पुलिस ने उन गानों पर विशेष नजर बनाई है। 10 गाने सोशल साइट्स से डिलीट करवाये जा चुके है। देर से ही सही। लोक संस्कृति के नाम पर बदमाशी और गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले गानों पर हरियाणा की नायाब सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। कुछ बड़े और चर्चित गानों को यू ट्यूब से डिलीट होने से गायक कलाकारों ने विरोध भी जताया है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

जहाँ चाहिए वहां थुकिए क्योंकि आप माननीय हैं

प्रभुनाथ शुक्ल

हम आदमी के स्वभाव को बदल नहीं सकते हैं। वह अपने स्वभाव यानी आदत से मजबूर होता है। हमारे पूर्वांचल में एक कहावत है कि 'जवन बानी पड़ी लरिकाई छूटे न बुढ़ाई दईयां'। कहने का भाव यह है की बचपन में आदमी की जो आदत बन गई वह अंतिम सांस तक उसके साथ रहती है। जिस तरह हम प्रकृति को नहीं बदल सकते हैं, ठीक उसी तरह हम आदमी की आदत को नहीं बदल सकते हैं। आदत एक कला है। मसलन कुछ आदमी दूसरे की सुनते नहीं सिर्फ अपनी सुनाते हैं क्योंकि उनके अंदर बड़बोलापन अधिक होता है। कुछ लोक सफेद झूठ बोलते हैं, लेकिन लगता है कि वे बिल्कुल सच बोल रहे हैं। हमारे आसपास ऐसे आदमी भी हैं जिन्हें नींद में टहलने की आदत है। कुछ लोग रात भर सोने के बाद भी कुर्सी पर बैठेते ही खरार्टें भरने लगते हैं। इसके साथ कुछ ऐसे भी लोग हैं जो पान और गुटका खाने के बाद उसका महाप्रसाद कहीं भी उड़ेल देते हैं। इस तरह के पुनीत कार्य आम से लेकर खास लोग करते हैं। हमारे माननीय भी विधानभवन को भी नहीं छोड़ते। वहां भी अपने थूकने की कला का प्रदर्शन करते हैं। थूकने वालों के इस पुनीत कार्य से लोग बहुत परेशान हैं। अच्छे -अच्छे ऑफिस, बहुमंजिला ईमारतें, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, सीढ़ियों पर थूकने वालों के लिए विशेष चेतावनी का बोर्ड भी लगा दिया गया है।लेकिन लोग हैं कि मानते नहीं।हमारे देश में थूकना एक कला है। राजा-महराजाओं ने तो थूकने के लिए बकायदा पीकदान रखते थे।अब इस तरह के पीकदान नहीं दिखते लेकिन सरकारी ऑफिस के बड़े बाबू की टेबल के नीच प्लास्टिक की बाल्टी पीकदान के रूप में उपयोग होती है। क्योंकि उन्हें मुफ़्त में चाय और पान लेने की आदत होती है। घूस के रूप में भी वे पान की भेंट बत्तीसी निकालते हुए लेते हैं। थूकना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। हमारे यहाँ थूकने की पूरी आजादी है। हम सड़क, विधानसभा और सरकारी ऑफिस में रोज थूकते हैं।अभी एक माननीय विधानसभा में ही थूककर अपनी महानता का अद्भुत परिचय दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी काफी लानत मलानत किया, लेकिन उन्होंने उनके चेहरे को बेनकाब नहीं किया।

बूझे मन से किए गए काम का पुण्य

डॉ प्रदीप उपाध्याय

वहां तक आग पहुंच गई जहां तक परिंदे भी पर नहीं मार सकते.आग क्या लगी,यहां-वहां हाय-तौबा मच गई .कहा यह भी जा रहा है कि अगर आग को लगना ही था तो उसने आधा-अधूरा काम क्यों किया क्यों सबूत छोड़कर रहस्यमय परिस्थिति निर्मित कर दी.शायद यह काम पानी का करा-धरा है.वरना आग तो अपना काम पूरा करके ही छोड़ती है! जिस तरह जब चूहों के बिलों में पानी भरने लगता है तो बेचारे चूहे बिल छोड़कर इधर-उधर दौड़ लगाने लगते हैं.वहीं दूसरी ओर चूहों के बिलों पर बलात कब्जा जमाए सर्पराज को भी बिलों में पानी भरने पर यहां-वहां शरण लेना पड़ती है.अब वे किसे दोष देने जाएं! पानी भी तो कसूरवार नहीं है.उसे जहाँ जगह मिलती है, वहीं तो वह अपने लिए जगह बना पाता है!वह अपनी शीतलता के साथ अतिक्रमण करता है लेकिन आग के मामले में ऐसा नहीं है.पहले पहल तो वह स्वैच्छया आती नहीं और यदि उसे आने पर मजबूर कर दिया जाए तो वह अपनी उष्णता के साथ क्या कर गुजरे,यह उसे भी पता नहीं रहता. उसकी नजर में बड़ा-छोटा,अमीर-गरीब,ऊंचा-नीचा जैसा कोई भेद नहीं है.फिर क्योंकर उसे कसूरवार ठहराया जा रहा है. आग अपने लिए कभी जगह बनाने नहीं पहुंचती. वह तो सबकुछ मिटा देने का माद्दा रखती है.वह पानी जैसी नहीं है.वह कभी बिन बुलाए मेहमान की तरह आती भी नहीं है और आ जाती है तब आसानी से जाने का नाम भी नहीं लेती.इसीलिए तो लोग डरते हैं और आशंका व्यक्त करते हैं कि कहीं आग न लग जाए,कहीं दाग न लग जाए.आग एक अबूझ पहेली है.पानी तो फिर भी आने से पहले सचेत कर देता है.उसपर कोई सीधे तौर पर आरोप -प्रत्यारोप नहीं करता जबकि आग छुपी रूस्तम है.उसका यदि आह्वान किया जाता है तो वह दाग लगा सकती है .उसका आह्वान दाग मिटाने के लिए भी किया जाता है.वह कृपावंत होती है,दयावान भी होती है किन्तु जब अपने वाली पर आ जाए तो किसी को छोड़ती भी नहीं है. जब जंगलों में आग का आह्वान किया जाता है तो आह्वान कर्ता के प्रति वह बहुत समर्पण भाव से अपने कर्तव्य का निर्वाह करती है लेकिन उसका दिल तब जार-जार रोता है जब जंगल की तबाही उसके लपेटे में आती हैं।

न्यूज फ्लैश

तुष्टिकरण की ठेकेदार कांग्रेस संविधान बदलने पर आमादा: अनुराग सिंह ठाकुर

नई दिल्ली: पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस सरकार द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों के आरक्षण के विषय पर आज संसद में बोलते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर के गांधी-पटेल के देश भारत को जिन्ना का मुल्क बनाने पर आमादा है।
श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ह्ल गली मोहल्ले गाँव कूचे संविधान, संविधान, संविधान चिल्लाने वाली कांग्रेस बाबा साहेब के संविधान की दुहाई देने वाले इसके शहजादे आज कर्नाटक में सिर्फ.तुष्टिकरण के लिए सरकारी ठेकों में मुसलमानों को आरक्षण देकर संविधान बदलने जा रहे हैं। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता ये बात हर व्यक्ति जानता है मगर फिर भी सबके हक की बजाय मुस्लिमपरस्ती में मशगूल कांग्रेस अब मुस्लिम लीग बनने की ओर अग्रसर है। ये गांधी-पटेल के देश को जिन्ना का मुल्क बनाने पर आमादा हैं, लेकिन हम चुप नहीं रहेंगे और अपनी आखिरी सांस तक कांग्रेस को उसके मंसूबे में कामयाब नहीं होने देंगे

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की बौद्धिक संपदा अधिकार यात्रा कार्यशाला 25 से शिमला में

शिमला: पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार यात्रा कार्यक्रम (आईपी यात्रा) के तहत शिमला में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के क्षेत्रीय निदेशक अनिल सौंखला ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के एमएसएमई,स्टार्ट अप और अन्य हितधारकों को उनके आविष्कारों और रचनात्मक विचारों का संरक्षण करने के लिए प्रेरित करना है ।25 मार्च की सुबह 10 बजे से शिमला के होटल हॉलीडे इन मे शुरू होने वाली इस कार्यशाला में ए.के.गौतम सहायक निदेशक एमएसएमई डीएफओ सोलन,अशोक पार्थ,सहायक निदेशक एमएसएमई डीएफओ सोलन बतौर मुख्य वक्ता भाग लेंगे ।कार्यशाला में आईपीआर के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी जिसमें पेटेंट,ट्रेडमार्किंग और कॉपीराइट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आईपीआर के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी और प्रतिभागियों को प्रतिपूर्ति सहायता प्रदान की जाएगी।

वी के रु 101 से शुरू होने वाले पैक्स के साथ नॉन स्टाप क्रिकेट का लुत्फ उठाएं

शिमला: बिना रूकावट मैच की स्ट्रीमिंग का लुत्फ उठाने के लिए पर्याप्त मात्रा में फास्ट डेटा की जरूरत होती है दर्शक टी20 लीग में रोमांचक मैचों का लुत्फ उठाने के लिए तैयार हैं। वी के प्रीपेड उपभोक्ता डेटा के बेजोड़ अनुभव तथा जियो हॉटस्टार के बंडल्ड फ्री सब्सक्रिप्शन के साथ इन मैचों के हर पल का लुत्फ उठा सकते हैं ।बिना रूकावट के क्रिकेट का लुत्फ उठाने के लिए वी के उपभोक्ता कई पैक्स में से चुनाव कर सकते हैं ।खासतौर पर इस सीजन के लिए वी ने 3 नए रीचार्ज लॉन्च किए हैं जो उपभोक्ताओं को बेहतरीन मूल्य एवं फायदे देंगे, पहला रु 101 का रीचार्ज 3 माह का जियो हॉटस्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन और 5 जीबी डेटा देता है ।दूसरा रु 399 रीचार्ज अनलिमिटेड कॉल्स दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक अनलिमिटेड डेटा अतिरिक्त 2 जीबी डेली डेटा और जियो स्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन के फायदे देता है यह 28 दिन के लिए वैलिड है ।तीसरा रु 239 का रीचार्ज अनलिमिटेड कॉल्स 2 जीबी डेटा और जियो हॉटस्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन के फायदे देता है यह 28 दिनों के लिए वैलिड है ।यहां वी के पैक्स की सूची दी गई है जो जियो हॉटस्टार सब्सक्रिप्शन और डेटा के फायदे देते हैं,सभी रीचार्ज पैक जियो हॉटस्टार का मोबाइल ओनली सब्सक्रिप्शन देते हैं ।आज ही वी ऐप या माय वी.इन के माध्यम से रीचार्ज करें और गेम के हर पल का लुत्फ उठाने के लिए तैयार हो जाएं!

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया कला प्रदर्शनी का उद्घाटन

शिमला/टीम एक्शन इंडिया
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट्स विभाग द्वारा आयोजित कलाप्रदर्शनी क उद्घाटन जीएटी थियेटर में किया गया। इस प्रदर्शनी के संयोजक डॉ. संग्राम सिंह हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर थे जिन्होंने इस आयोजन की सराहना की और कला के महत्व पर अपने विचार साझा किए।
रोहित ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि कला हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कलाकारों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स और अन्य कलाकृतियों को देखा और उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर मिलता है।

81 दिन में ड्रग्स के ओवरडोज से 14 मौतें हो गई और सरकार कह रही है 30 प्रतिशत ड्रग कम हुआ है

पुलिस अपराध के खिलाफ कम करने के अलावा सारे काम काम कर रही है

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा
शिमला: नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला से जारी बयान में कहा कि प्रदेश में अपराध बेकाबू हो चुका है। पुलिस अपराध नियंत्रण के अलावा सारे काम कर रही है। अपने राजनैतिक आकाओं के लिए उलटे सीधे काम कर रही है।
सरकार ने प्रदेश के लोगों की सुरक्षा को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। मेरा मुख्यमंत्री से निवेदन करता हूं कि पुलिस को प्रदेश की सुरक्षा के काम में लगाए विपक्षियों की

सीआईडी करवाने के लिए नहीं। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब विमल नेगी गायब हुए तो इतने बड़े अधिकारी की खोज में पुलिस ने पहले कोई रुचि नहीं दिखाई। परिजनों को बार-बार मुख्यमंत्री से मिलकर खोज अभियान में तेजी लाने की गुहार लगानी पड़ी । थक हार कर परिजनों ने खुद उनका सुराग देने वालों पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित करना पड़ा। इससे भी हैरानी भरी बात यह है कि पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट के अनुसार विमल नेगी जी की मृत्यु उनके शव मिलने के पाँच दिन पहले हुई थी। जबकि वह नौं दिन से गायब थे। तो वह तीन से चार दिन कहाँ थे? पुलिस उन्हें चार दिनों में क्यों नहीं ढूँढ पाई। इस मामले में साजिश के तार बहुत गहरे हैं। इसलिए हर सवाल के जवाब मिलने चाहिए। जो उँगलियाँ प्रदेश की सत्ता और तंत्र पत्र उठ रही हैं, उनका जवाब मिल सकें। इसलिए सरकार सीबीआई की जाँच करवा के दूध का दूध और पानी का पानी करे। जयराम ठाकुर ने कहा कि न प्रदेश सरकार के हालात सही है और न ही कानून व्यवस्था का। नए साल में 21 से ज्यादा लोगों की बर्बर तरीके से हत्या हो हुई है। नए साल के अंदर 14 लोगों की नशे के ओवर डोज से मौत हो गई है। सरकार सदन में कहती है कि नशे के मामले में बीस प्रतिशत की कमी हो रही है, तीस प्रतिशत की कमी कर दी है। सरकार इस तरह के आंकड़े कहाँ से ला रही है। इस तरह के झूठ से सरकार नशे के तांडव को सिर्फ छुपाने का काम कर रही है। जिसके परिणाम बहुत बुरे होंगे। सरकार इस तरह से पर्दा डालकर प्रदेश को नशे के तांडव से नहीं बचा सकती है। सरकार से हम बार बार कह रहे हैं कि हम आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ खड़े हैं, इसलिए वह नशे के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जिससे नशे के प्रकोप से प्रदेश को बचाया जा सके।

दी छपरोह कृषि सहकारी सभा के बलवंत बने प्रधान

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी
ऊना: दी छपरोह कृषि सहकारी सभा के प्रधान पद के लिए चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ। जिसमें एक बार फिर से बलवंत वर्मा को सर्व समिति से प्रधान चुना गया। बता दें यह उनका लगातार 30वां वर्ष है, जब बलवंत वर्मा इस पद पर चुने गए हैं। सभा के सदस्यों ने एकमत होकर वर्मा को पुनः अपना प्रधान चुनते हुए उनके नेतृत्व में सभा के विकास की सराहना की। इस अवसर पर सभा के अन्य पदाधिकारी और स्थानीय किसानों ने वर्मा को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में सहकारी सभा आगे भी प्रकृति की नई ऊंचाइयों को छूएगी। इस मौके पर पुरानी कमेटी के सदस्य जितेंद्र सिंह, बलदेव सिंह, बलबीर सिंह, उप प्रधान होशियार सिंह, विजय कुमार व जसमेर सिंह उपस्थित रहे।

चिट्टे पर जमानत करबाने वाले वकीलो पर भी हो कार्यावाही: भवानी

कांगड़ा विजय समयाल
नशे पर जीरो टोलरेज की नीति अपनाने बाले योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानियां ने चिट्टे पर हिमाचल विधानसभा मे अपने तैबर तल्ख किए है । उन्होंने विधानसभा मे सम्बोधित करते हुए चिट्टे मे सम्मलित लोगो की जमानत करबाने बाले कुछ बकीलो को भी घटकरे मे खडा.कर दिया है । उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा है कि ढक्ळ ठउ्रढर का दायरा बडा.कर ,उन सब लोगो को जो बैनिफिशरी है चिट्टे के ट्रैड के, उन्हे भी इस कानून के दायरे मे लाया जाए । और इनकी सम्पत्ति की जांच हो । चीट्टे की रकम का हिस्सा भी इन छुडाने बाले बकीलो को भी फिस के रुप मे जाता है । बकीलो को उनकी पैमेंट चिट्टा बेचने बाले लोग चैक मे न देकर बेचे गये उस चिट्टे के पैसे से देते है । इस लिए इस कानून मे बदलाब किया जाए ताकि ?से लोगो और उन वकीलों पर भी कायार्बाही की जा सके जो इन ड्रग पैल्लरो को छुडवाते है । उन्होंने कहा कि जिला कोर्ट व हाई कोर्ट के अन्दर कुछ ?से बकील है जिनके पास काम ही चिट्टे का है उनके पास सिर्फ चिट्टे के डीलर है।

लक्ष्मी दास पांचवी बार बने कांगड़ा सहकारी बैंक दिल्ली के अध्यक्ष

धर्मशाला/टीम एक्शन इंडिया
खादी और ग्रामोद्योग कमीशन के पूर्व अध्यक्ष और कांगड़ा के गांधीवादी नेता लक्ष्मी दास राजधानी दिल्ली में हिमाचलियों द्वारा संचालित कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने सीधे मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी सुदेश शुक्ला को रिकॉर्ड 2347 मतों से शिकस्त दी और अपने प्रतिद्वंद्वी की जमानत जब्त करवाई। उनके नेतृत्व में उनके पैनल ने बैंक के सभी पदाधिकारियों और निदेशक मण्डल के चुनावों में भारी बहुमत से जीत दर्ज की। वह इस प्रतिष्ठित पद पर पांचवीं बार चुने गए हैं। 75 वर्षीय लक्ष्मी दास कांगड़ा जिला के बाथू टिपरी गांव से सम्बन्ध रखते हैं।

हिमाचल दस्तक ने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवियों को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी
ऊना: राजकीय अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय बंगाणा के एनएसएस कार्यक्रम के दौरान हिमाचल दस्तक ने वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो एनएसएस वॉलिंटियर्स को सम्मानित किया। बंगाणा के संवाददाता अजय शर्मा ने हर वर्ष की भाांति इस वर्ष भी सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी तीक्ष्ण और परीक्षा को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कहा यह सम्मान हमें और भी प्रेरित करेगा। हमारे द्वारा किए गए

स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, मतदान जागरूकता, सडक सुरक्षा और साइबर सुरक्षा जैसे कार्यों ने न केवल महाविद्यालय के विद्यार्थियों बल्कि पूरे समुदाय को जागरूक किया है। बता दें कि यह पुरस्कार हिमाचल दस्तक द्वारा हर वर्ष दिया जाता है, जो पिछले 10 वर्षों से लगातार जारी है। इन वॉलिंटियर्स ने समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनके प्रयासों को सराहा गया।

वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी के छात्रों ने किया दक्षिण भारत भ्रमण

शैक्षणिक यात्रा

▶▶ इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था

टीम एक्शन इंडिया
विजय समयाल
कांगड़ा: वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय, देहरी के पर्यटन विभाग के छात्रों ने दक्षिण भारत के प्रमुख स्थलों की साप्ताहिक शैक्षणिक भ्रमण किया है । इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था।

यात्रा का प्रारंभ और प्रमुख स्थल छात्रों ने 11 मार्च को देहरी से अंबाला होते हुए 12 मार्च को त्रिवेंद्रम के लिए ट्रेन यात्रा की। 14 मार्च को त्रिवेंद्रम पहुंचकर उन्होंने कोवलम बीच का दौरा किया और स्थानीय पर्यटन उद्योग को समझा। 15 मार्च को कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल, मंदिरों और सूर्यास्त स्थल का अवलोकन किया। 16 मार्च को पद्मनाभस्वामी मंदिर और फिर अल्लेप्पी में हाउसबोट यात्रा का अनुभव लिया। 17 मार्च को छात्रों ने कोच्चि में चीनी मछली पकड? के जाल, मट्टनचेरी पैलेस और वंडरला वाटर पार्क का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने पर्यटन उद्योग, होटल प्रबंधन और स्थानीय संस्कृति को नजदीक से जाना। 19 मार्च को एनार्कुलम रेलवे स्टेशन से छात्रों ने अपनी वापसी यात्रा शुरू की और 21 मार्च को देहरी लौट आए। इस यात्रा ने उनके ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव को समृद्ध किया।आज जानकारी देते हुए पर्यटन विभाग के सहायक प्रोफेसर राहुल कौंडल ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन कुमार का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह यात्रा सफल रही। यह अनुभव छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

सिमरन कौर धादली का पुत्त जट्ट दा पंजाब से लेकर पूरी दुनिया में हलचल मचा रहा है

लुधियाना: सिमरन कौर धादली का नया गाना पुत्त जट्ट दा पूरी दुनिया में हलचल मचा रहा है। ओल्ड स्कूल की शिष्टता के साथ आधुनिक समय के मनमाने अंदाज को पेश करते हुए यह तीव्र और जबरदस्त गाना शक्ति,अडिग प्रेम और स्वैग की कहानी कहता है।देसी ट्रैप म्यूजिक द्वारा निर्मित और सिमरन कौर धादली की आवाज में पुत्त जट्ट दा में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो दुनिया के खिलाफ खड़ा है। वह सबके खिलाफ लड़ता है बलिदान देता है पर हार मानने को तैयार नहीं है। गायिका उस प्रेमी की अभिव्यक्ति कर रही है और खुद को उसकी अदम्य भावना की प्रेरणा के रूप में पेश करती है। सिमरन ने कहा दुनिया के सामने पुत्त जट्ट दा पेश करने के लिए उत्साहित हूँ। यह गाना प्राकृतिक,वास्तविक और बेतकल्लुफ है और मेरे जीने का तरीका है। इसमें वह प्यार पेश किया गया है जो आदर के काबिल है। इसकी ऊर्जा,अंदाज और स्टोरीटैलिंग ने इसे खास बना दिया है। यह गाने बनाने में मुझे बहुत मजा आया। मैं आशा करती हूँ कि इसकी हर तान की ऊर्जा श्रोताओं के हृदय में उतर जाएगी।यह गाना साहसी लोगों के लिए बना है। अपने दबंग बोल,जबरदस्त बीट्स और जीवंत अंदाज के साथ पुत्त जट्ट दा हर प्लेलिस्ट में अपनी जगह बनाने के लिए तैयार है।

सिरमौर पुलिस ने 8 ग्राम चिट्टा के साथ दो आरोपियों को पकड़ा

नाहन/टीम एक्शन इंडिया
सिरमौर जिला पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी है और पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कड़ी में उत्तराखंड के देहरादून जिले के दो व्यक्तियों को 8 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया गया है।
मिली जानकारी के अनुसार सिरमौर पुलिस की एसआईयू (स्पेशल इंवेस्टिगेशन यूनिट) टीम पोंटा साहिब के यमुना पुल के पास गश्त पर थी तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि निमार्णाधीन पुल के पास दो व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों आदिल पुत्र स्व. निसार अली और साहबजाद पुत्र यूसुफ दोनों निवासी कुंजा ग्रांट तहसील विकास नगर जिला देहरादून उत्तराखंड के कब्जे से 8 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया।

आगरा में छाए हिमाचल के खिलाड़ी, हैमर बॉल शानदार प्रदर्शन

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी
ऊना: अंडर-14 हैमर बॉल नेशनल चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता आगरा में आयोजित की गई। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद हिमाचल प्रदेश की टीम ने अपने दमदार खेल से कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है।
हिमाचल प्रदेश लौटने पर सोमवार को खिलाडि?ों का

भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर थ्रो बॉल हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष अमन शर्मा, जिला ऊना थ्रो बॉल की सीमा शर्मा, इंदु वाला, बृजेश कुमार, कबड्डी एसोसिएशन के रिशब, स्थानीय खेल संघों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने खिलाडि?ों का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। हैमर बॉल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सहोता और कोच सुमित शर्मा ने इस सफलता को टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ी ऐसे ही प्रयास जारी रखते हैं, तो हिमाचल इस खेल में और ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। वहीं टीम के खिलाड़ी उत्कर्ष, संचित, हर्षित, कपिल, सूर्यांश, अयान राणा, यशवीर, अभी, अक्षव कटोच और आरब ने इस सफलता का श्रेय अपने कोच सुमित शर्मा, अभिभावकों और साथी खिलाडि?ों को दिया। पंचायत समिति बंगाणा के अध्यक्ष देवराज शर्मा ने भी खिलाडि?ों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सोलन जिला की 35 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित : उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा
शिमला: उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि टीबी का पूर्ण उपचार सम्भव है और समय पर अस्पताल पर परीक्षण के उपरांत परामर्श के अनुसार दवा लेकर इस रोग को समाप्त किया जा सकता है। मनमोहन शर्मा आज यहां विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तर पर आयोजित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने आज आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मानकों के अनुरूप सोलन जिला की 35 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित होने के लिए सम्मानित किया। इन ग्राम पंचायतों को केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप टीबी मुक्त घोषित किया गया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि विश्व क्षय रोग दिवस आयोजित करने का उद्देश्य से लोगों को इस रोग के कारण, निवारण, बचाव के उपाय एवं दवाओं के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि इस रोग का उपचार प्रभावी और सुलभ है तथा सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए जांच, निःशुल्क दवाइयां प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षय रोगी को उपचार के दौरान पोषण के लिए छः माह तक 1000 रुपये प्रतिमाह भी प्रदान करती है। इस बीमारी को उपचार के माध्यम से ठीक किया जा

सकता है। उपायुक्त ने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जिला को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों को जागरूक करें ताकि इस गम्भीर बीमारी का पूरी का नाश किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए वर्ष 2025 तक का समय निर्धारित किया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन जिला की 11 ग्राम पंचायतों को मानदंडों के आधार पर टीबी मुक्त आंका गया है। इनमें कुनिहार विकास खण्ड की ग्राम पंचायत भूमती, ग्राम पंचायत डुमैहर, ग्राम पंचायत मान, ग्राम पंचायत मांगल तथा ग्राम पंचायत पलानिया, विकास खण्ड धर्मपुर की ग्राम पंचायत भागुडी, विकास खण्ड नालागढ़ की ग्राम पंचायत बहेड़ी तथा ग्राम पंचायत धरमाणा और विकास खण्ड कण्डाघाट की ग्राम पंचायत कनैर, ग्राम पंचायत ममलीग तथा ग्राम पंचायत सैंज के प्रतिनिधि को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की रजत प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।
उपायुक्त ने विकास खण्ड कुनिहार की ग्राम पंचायत बेरल, ग्राम पंचायत गनागुघाट, ग्राम पंचायत खनलग, ग्राम पंचायत पलोग, ग्राम पंचायत पारनु, ग्राम पंचायत पट्टा, ग्राम पंचायत शहरोल तथा ग्राम पंचायत सूरजपुर, विकास खण्ड धर्मपुर की ग्राम पंचायत गोयला, ग्राम पंचायत कृष्णगढ़, ग्राम पचांयत गढखल सनावर तथा ग्राम पंचायत कोट, विकास खण्ड सोलन की ग्राम पंचायत सेर बनेरा, विकास खण्ड नालागढ़ की ग्राम पंचायत चमदार, ग्राम पंचायत डोली, ग्राम पंचायत क्यार कनैता, ग्राम पंचायत कोहू, ग्राम पंचायत लूनस तथा ग्राम पंचायत सौर, विकास खण्ड कण्डाघाट की ग्राम पंचायत बांजनी, ग्राम पंचायत नगाली, ग्राम पंचायत पौधना, ग्राम पंचायत रेहड तथा ग्राम पंचायत सतडोल को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उपायुक्त द्वारा इस अवसर पर सभी को 'टीबी मुक्त भारतझ की शपथ भी दिलाई गई। विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार, जिला क्षय रोग अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गगनदीप राज हंस, जिला कार्यक्रम अधिकारी जोगिन्द्र राणा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीन शर्मा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. तारा चन्द, खण्ड चिकित्सा अधिकारी नालागढ़ डॉ. मुक्ता रस्तोगी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी बद्दी डॉ. योगेश गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी सायरी डॉ. अक्षिता, जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र सूद, महासचिव विपुल शर्मा, सोलन फार्मासिस्ट संघ के प्रतिनिधि, जिला के अग्रणी बैंक यूको बैंक के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 25 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है: सीएम योगी

सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश की जो पहचान बनी है उसका एहसास पूरा भारत कर रहा है- सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ। सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अपनी सरकार के विकास कार्यों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। इस दौरान 8 वर्षों में यूपी में सरकार के कामकाज पर "एक झलक" रिपोर्ट कार्ड डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई और पुस्तिका का विमोचन किया गया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और 25 करोड़ प्रदेशवासियों के समवेत प्रयास से आज यह उत्तर प्रदेश, भारत के 'श्रम शक्ति पुंज से अर्थ शक्ति पुंज' बनने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश वही है,

लेकिन बीते 8 वर्षों परसेप्शन पूरी तरह से बदल चुका है। सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में जो पहचान बनी है उसका एहसास उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरा भारत कर रहा है। उन्होंने कहा कि 8 वर्ष पहले बीमारू राज्य की पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन और उनके विजनरी नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने 25 करोड़ प्रदेशवासियों को 8 वर्ष की इस शानदार यात्रा के लिए बधाई दी

विस्तृत खाका

▸▸ लोकभवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अपनी सरकार के विकास कार्यों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया

और कहा कि डबल इंजन सरकार ने हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन किया है। सीएम योगी ने कहा कि आगामी 25, 26 और 27 मार्च को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय 'विकास उत्सव' आयोजित होगा, जिसमें अन्नदाता किसानों, युवाओं, मातृशक्ति, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। यहां केंद्र सरकार के 10 व प्रदेश के 8 वर्षों की विकास यात्रा को जनता के समक्ष रखा जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। यूपी नंबर दो की अर्थव्यवस्था है और जल्द नंबर एक बनेगा। उन्होंने पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और मंत्रिमंडल के सहयोगियों और एनडीए के सभी घटक दलों का आभार जताया। सीएम योगी ने कहा कि यह 8 वर्ष की शानदार यात्रा टीम भावना, स्केल, स्किल और स्पीड का परिणाम है।

8 वर्ष पहले पहचान की संकट से जूझ रहा था उत्तर प्रदेश-सीएम योगी

सीएम योगी ने 2017 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि 8 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की पहचान संकट में थी। किसान आत्महत्या कर रहे थे, युवा अपनी पहचान के मोहताज थे, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे। दंगों और अराजकता ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस समय उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य माना जाता था और इसे देश के विकास में बाधक समझा जाता था। लेकिन 8 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने इस परसेप्शन को पूरी तरह बदल दिया। आज उत्तर प्रदेश देश के विकास का ब्रेकथ्रू बनकर हर सेक्टर में आगे बढ़ रहा है।

पुलिस को प्रदेश की सुरक्षा में लगाया जाए : जयराम

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ते अपराध और पुलिस की कार्रवाई में ढिलाई को लेकर सरकार पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बेकाबू हो चुका है और पुलिस अपने कर्तव्यों से भटककर राजनीतिक मामलों में उलझी हुई है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि पुलिस को प्रदेश की सुरक्षा में लगाया जाए न कि विपक्षियों की सीआईडी जांच करने में। उन्होंने विमल नेगी के मामले का हवाला देते हुए कहा कि पुलिस ने शुरू में उनकी खोज में कोई रुचि नहीं दिखाई और परिजनों ने इनाम घोषित किया तब जाकर पुलिस सक्रिय हुई। साथ ही पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने मामले को और संदिग्ध बना दिया। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश में

बढ़ते अपराधों का जिक्र करते हुए कहा कि नए साल में 21 हत्याएं और 14 नशे से जुड़ी मौतें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नशे के मामलों में कमी का झूठा दावा कर रही है, जबकि स्थिति गंभीर है। उन्होंने मंडी में ढाबा संचालक से हुई डकैती और पुलिस की लापरवाही का भी जिक्र किया। इसके साथ ही सुंदरनगर में खालिस्तान समर्थकों के नारे लगाने का मामला उठाया।

तुष्टिकरण की ठेकेदार कांग्रेस संविधान बदलने पर आमादा : अनुराग सिंह

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संसद में कर्नाटक में मुस्लिमों के लिए आरक्षण को लेकर कांग्रेस सरकार पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार संविधान में बदलाव कर भारत को गांधी-पटेल का देश न बना कर जिन्ना का मुल्क बनाने की कोशिश कर रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, ह्लकांग्रेस जो गली-गांव, मोहल्ले में संविधान का राग अलापती है, आज वही पार्टी कर्नाटक में सिर्फ तुष्टिकरण के उद्देश्य से मुसलमानों को सरकारी ठेकों में आरक्षण देने जा रही है। यह संविधान में बदलाव का

प्रयास है। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, यह बात हर व्यक्ति जानता है, लेकिन कांग्रेस अब मुस्लिमपरस्ती में मशगूल हो गई है और मुस्लिम लीग बनने की ओर अग्रसर है। वे गांधी और पटेल के देश को जिन्ना का मुल्क बनाने पर आमादा हैं, लेकिन हम चुप नहीं रहेंगे और कांग्रेस को उसके मंसूबे में सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने

प्रतिक्रिया

▸▸ अनुराग ने संसद में कर्नाटक में मुस्लिमों के लिए आरक्षण को लेकर कांग्रेस सरकार पर कड़ी प्रतिक्रिया दी

आगे कहा, ह्लविपक्ष के नेता हमारे पूर्वजों, नायकों और देश की गौरवमयी छवि को अपमानित करने में व्यस्त हैं। आज देश यह सवाल पूछ रहा है कि चंद वोटों के लिए आपने अपने स्वाभिमान को क्यों बेच दिया? दुनिया जहां से कहां पहुंच गई है, लेकिन भारत में कुछ लोग अभी भी 17वीं सदी की सोच में जी रहे हैं।

केदारनाथ पैदल मार्ग पर बर्फ की संकरी घाटी से आगे बढ़ेंगे श्रद्धालु

टीम एक्शन इंडिया

रुद्रप्रयाग। 2 मई से शुरू होने वाली केदारनाथ यात्रा में बाबा केदार के भक्त बर्फ की संकरी घाटी से होकर धाम पहुंचेंगे। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर रामबाड़ा से लिनचोली के बीच पसरे विशालकाय हिमखंडों को काटकर लोक निर्माण विभाग के मजदूर रास्ता तैयार करने में जुटे हैं। इस वर्ष फरवरी पहले सप्ताह और इस माह के पहले व दूसरे सप्ताह में केदारनाथ सहित पैदल मार्ग तक भारी बर्फबारी हुई थी। इन दिनों भी केदारनाथ में तीन फीट से अधिक बर्फ जमा है। वहीं, गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर रामबाड़ा से केदारनाथ तक बर्फ के कारण पैदल आवाजाही संभव नहीं है। यहां बीते 14 मार्च से लोक निर्माण विभाग के 70 से अधिक मजदूर बर्फ को काटकर रास्ता बनाने में जुटे हैं। 11 दिनों में लगभग ढाई किमी हिस्से में बर्फ साफ कर आवाजाही के लिए रास्ता तैयार हो चुका है। इन दिनों मजदूर थारू हिमखंड को काटने में जुटे हैं। यहां पर लगभग 20 फीट ऊंचे हिमखंड को काटकर ढाई फीट चौड़ा रास्ता बनाया जा रहा है। बर्फ काटने से यहां गहरी व संकरी घाटी सी बन गई है। यहां बर्फ खिसकने का खतरा बना है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण ने बताया कि मौसम अनुकूल नहीं होने के बाद भी बर्फ सफाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। हिमखंड जोन पर आने वाले दिनों में रास्ते की चौड़ाई बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

सियासी लाभ के लिए विमल नेगी मामले की सीबीआई जांच मांग रही भाजपा: सुक्खू

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। हिमाचल पावर कोपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत का मामला सोमवार को विधानसभा में फिर उठा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विपक्षी दल भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले में राजनीतिक लाभ लेने के लिए सीबीआई जांच की मांग कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेता सिर्फ राजनीति चमकाने के लिए नेगी के परिवार से मिलने पहुंचे थे लेकिन उनके इरादे पूरे नहीं हो सके। उन्होंने भाजपा को इस मामले में राजनीति करने से बचने की सलाह दी और कहा कि सरकार पहले ही 15 दिनों के भीतर इस मामले की उच्च स्तरीय

जांच के आदेश दे चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में पुलिस और कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष द्वारा लाए गए कटौती प्रस्ताव पर जवाब दे रहे थे। विपक्ष की गैरमौजूदगी में सदन ने प्रस्तावों को नामंजूर कर दिया और बजट मांग को मंजूरी दे दी। विपक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा आखिर सिर्फ सीबीआई जांच की मांग क्यों कर रही है? उन्होंने

उच्च स्तरीय

▸▸ चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत का मामला सोमवार को विधानसभा में फिर उठा

आरोप लगाया कि सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां भाजपा के नियंत्रण में हैं और इनका इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में इन एजेंसियों की छापेमारी पहले भी होती रही है, जैसे नादौन में हुई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस तरह की जांच एजेंसियों का राजनीतिक लाभ नहीं उठाना चाहिए।

उत्तराखंड सरकार अवैध मदरसों की फंडिंग की करेगी जांच

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून। उत्तराखंड की धामी सरकार अवैध रूप से संचालित मदरसों पर कार्रवाई के बाद अब उनकी फंडिंग की गहन जांच करने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में अवैध मदरसों, मजार और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध रूप से बड़े पैमाने पर मदरसों का संचालन गंभीर विषय है जिसकी जांच के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसकी रिपोर्ट अधिकारी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे। प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ बड़े

स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। अब तक पूरे प्रदेश में 136 मदरसों को कागजात पूरे न होने पर सील किया जा चुका है, जबकि रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में 500 से अधिक अवैध मदरसे संचालित होने की बात कही जा रही है। बताया गया है कि राज्य

फंडिंग

▸▸ प्रदेश में अवैध मदरसों, मजार और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी: मुख्यमंत्री

में करीब 450 पंजीकृत मदरसे हैं, जो शासन को अपने दस्तावेज, बैंक खाते और आय-व्यय का पूरा ब्योरा देते हैं लेकिन दूसरी ओर 500 से अधिक मदरसे बिना किसी मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इन मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का सत्यापन और आर्थिक स्रोतों की जांच के लिए शासन ने जिला प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इन अवैध मदरसों को किस स्रोत से धन मिल रहा है और उसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है।

सीमा से सटे क्षेत्रों में खुल रहे अवैध मदरसे

पिछले कुछ समय में उत्तर प्रदेश से सटे कस्बों जैसे जसपुर, बाजपुर, किच्छा, काशीपुर, रुद्रपुर, गदरपुर, पछवादून और हरिद्वार जिले में बिना पंजीकरण के कई मदरसे खुलने की सूचना मिली है। सरकार इन मदरसों के स्रोतों और उद्देश्यों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

चारधाम और हेमकुंड साहिब के लिए अब तक 6,79,489 पंजीकरण

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून। चारधाम यात्रा के साथ ही हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए पंजीकरण में बेहद तेजी नजर आ रही है। अब तक पर्यटन विभाग की वेबसाइटद और मोबाइल ऐप पर 6,79,489 यात्रियों का पंजीकरण किया जा चुका है। पर्यटन विभाग ने सोमवार शाम को पंजीकरण संबंधी आंकड़े जारी किए हैं। विभाग ने बताया कि यमुनोत्री धाम के लिए 1,22,349, गंगोत्री धाम के लिए 1,25,901, केदारनाथ धाम के लिए 2,19,714, बद्रीनाथ धाम 2,03,961 और हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिए 7,564 यात्रियों ने पंजीकरण किया है।

शिमला में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे जल रक्षक, नियमितिकरण नीति में संशोधन की मांग

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। हिमाचल प्रदेश में जल रक्षकों ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर शिमला के चौड़ा मैदान में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से आए जल रक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नियमितिकरण नीति में संशोधन की मांग उठाई। जल रक्षक संघ ने सरकार को चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जल रक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष रूप लाल ने बताया कि प्रदेशभर में करीब नौ हजार जल रक्षक सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनके वेतन और स्थायीकरण को लेकर कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सरकार ने उनका वेतन केवल 300 रुपये बढ़ाकर 5,600 रुपये किया है, जो उनकी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहद कम है। संघ की प्रमुख मांग है कि जल रक्षकों की नियमितिकरण अवधि को 12 वर्षों से घटाकर 7 वर्ष किया जाए और उन्हें पूर्ण रूप से जल शक्ति विभाग में शामिल किया जाए।

जोरदार प्रदर्शन

▸▸ जल रक्षकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नियमितिकरण नीति में संशोधन की मांग उठाई

शिक्षा क्रांति नि:शुल्क शिक्षा से संवार रहे बच्चों के भविष्य, बीते आठ वर्षों में सर्वोदय विद्यालयों की संख्या बढ़कर हुई 120

गरीब छात्रों के लिए वरदान बने सर्वोदय विद्यालय

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के शिक्षा तंत्र में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के संकल्प के तहत संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय प्रदेश में शिक्षा के एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो रहे हैं। योगी सरकार के प्रयासों से 2017 से पहले जहां मात्र 93 सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, वहीं 2024-25 तक इनकी संख्या बढ़कर 120 हो गई है। इन विद्यालयों में से 100 वर्तमान में

संचालित हैं, जिनमें 70 बालक विद्यालय और 30 बालिका विद्यालय शामिल हैं। इस योजना के तहत हर विद्यालय में 490 छात्रों की क्षमता निर्धारित की गई है, जिससे हजारों छात्रों को लाभ मिल रहा है।

राष्ट्रीय प्रेरणा तथा सामाजिक सद्भावना को आगे बढ़ाने का उत्कृष्ट केंद्र हैं सर्वोदय विद्यालय- योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमेशा शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम बताया है। उनके नेतृत्व में सरकार न केवल विद्यालयों की संख्या बढ़ा रही है, बल्कि उनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कर रही है। यह योजना प्रदेश में गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्यधारा में लाने का सशक्त माध्यम बन रही है। सीएम ने प्रदेश में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में और सुविधाएं बढ़ाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि प्रदेश भर में ये विद्यालय अपनी पूरी क्षमता के साथ संचालित किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बढ़ाएं।